


बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 25 मार्च 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 8 | अंक - 56 | मूल्य - 5 रुपये









# हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म छोड़कर कोई दूसरा धर्म अपनाने पर एससी का दर्जा खत्म हो जाता है: न्यायालय

**नई दिल्ली। (भाषा)।**

***उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में मंगलवार को कहा कि अनुसूचित जाति (एससी) का कोई व्यक्ति यदि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को अपनाता है तो धर्मांतरण के समय से ही वह अनुसूचित जाति का दर्जा खो देता है।***

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय से संबंधित व्यक्ति, किसी अन्य धर्म को अपनाकर एससी का दर्जा तुरंत और पूरी तरह खो देता है।

पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 342 के खंड (1) के तहत, राष्ट्रपति ने संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश 1950 को लागू किया, जिसमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए ''अनुसूचित जनजातियां'' के रूप में मान्यता प्राप्त जनजातियों और आदिवासी समुदायों को चिह्नित किया गया है।

इसमें कहा गया है कि कोई व्यक्ति संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 के तहत लाभ का दावा तभी कर सकता है जब वह मूल रूप में उस विशेष जनजाति से संबंधित बना रहे और यदि धर्मांतरण या जनजातीय रीति-रिवाजों के दीर्घकालिक परित्याग के कारण उसकी जनजातीय पहचान संदेह में है, तो यह प्रश्न मुकदमे में निर्धारित किए जाने वाला एक तथ्यात्मक मामला बन जाता है।

पीठ ने कहा, ''हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म का पालन करने वाले किसी भी व्यक्ति को अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जाएगा। संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के अनुच्छेद 3 के तहत यह प्रतिबंध स्पष्ट और पूर्ण है। अनुच्छेद 3 में निर्दिष्ट न किए गए किसी भी धर्म में धर्मांतरण करने पर अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत और पूरी तरह से समाप्त हो जाता है।'' न्यायालय ने कहा कि एक बार जब अनुसूचित जनजाति का कोई व्यक्ति किसी दूसरा धर्म अपना लेता है, तो समय बीतने के साथ-साथ उस विशेष जनजाति के रीति-रिवाज, परंपराएं और अन्य विशेषताएं लुप्त हो सकती हैं। पीठ ने कहा, ''यदि ऐसी स्थिति में यह सिद्ध हो जाता है कि संबंधित व्यक्ति ने अपने समुदाय के रीति-रिवाजों, अनुष्ठानों और अन्य विशेषताओं को पूरी तरह से त्याग दिया है और उस विशेष धर्म की प्रथाओं और रीति-रिवाजों का पालन करते हुए परिवर्तित धर्म में आत्मसात हो गया है, तो यह उचित निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ऐसे व्यक्ति को समुदाय का हिस्सा नहीं माना जाएगा।'' शीर्ष न्यायालय ने कहा कि जब कोई व्यक्ति 1950 के आदेश के आधार पर अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं रह जाता है तो इस दर्जे के समाप्त होने के साथ ही सभी वैधानिक लाभ, सुरक्षा, आरक्षण, वरीयताओं और अधिकार, जो इस सदस्यता पर आधारित हैं या इससे उत्पन्न होते हैं, स्वतः और तुरंत समाप्त हो जाते हैं।

पीठ ने कहा 1950 के आदेश को बाद में 1956 में सिख धर्म मानने वाले व्यक्तियों को शामिल करने के लिए संशोधित किया गया था और बाद में, 1990 में, इस प्रावधान को बौद्ध धर्म मानने वाले व्यक्तियों को शामिल करने के लिए और विस्तारित किया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा, ''यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इन संशोधनों में से किसी के द्वारा भी ईसाई धर्म को इस आदेश के अंतर्गत शामिल नहीं किया गया है।'' अदालत ने यह भी कहा कि ईसाई धर्म अपने सैद्धांतिक आधार पर जाति की संस्था को नहीं मानता और न ही इसे अपनाता है। पीठ की ओर से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि जो व्यक्ति व्यक्तिगत, सामाजिक और आध्यात्मिक उद्देश्यों के लिए ऐसे धर्म का पालन करता है, वह वैधानिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति की सदस्यता का दावा कानूनी रूप से नहीं कर सकता है। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने 30 अप्रैल 2025 को कहा था कि यदि कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपना लेता है और उसे सक्रिय रूप से मानता व पालन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। पादरी सी. आनंद ने 2021 में एक आपराधिक मामला दर्ज कराया था, जिसमें उन्होंने ए आर रेड्डी नामक व्यक्ति के खिलाफभारतीय दंड संहिता और एससी/एसटी अधिनियम की विभिन्न धाराओं का हवाला दिया था। आनंद ने आरोप लगाया कि पादरी के तौर पर कर्तव्यों का पालन करते समय आंध्र प्रदेश के एक गांव में रविवार की प्रार्थना के दौरान उन पर हमला किया गया। उन्होंने दावा किया कि आर रेड्डी ने उन पर कई बार हमला किया और जातिसूचक अपशब्द कहकर अपमानित किया। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद शिकायतकर्ता ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया था।







# अजित पवार की मृत्यु: बेंगलुरु में 'जीरो एफआईआर दर्ज'

**बेंगलुरु, (भाषा)।**

***बेंगलुरु पुलिस ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की बारामती में विमान दुर्घटना में हुई मौत के संबंध में उनके भतीजे रोहित पवार की शिकायत पर एक मामला दर्ज किया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस शरद पवार के नेता रोहित पवार ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि यह हादसा उनके चाचा को खत्म करने की 'एक बड़ी आपराधिक साजिश' का परिणाम थी।***

महाराष्ट्र के पुणे स्थित बारामती हवाई अड्डे के पास 28 जनवरी को वीएसआर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित बॉम्बार्डियर लेयरजेट 45 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें पवार की मृत्यु हो गई। विमान मुंबई से बारामती जा रहा था और उसमें अजित पवार और चार अन्य लोग सवार थे, जिनकी इस दुर्घटना में मृत्यु हो गई।

शिकायत के आधार पर, हाई ग्राउंड्स पुलिस ने 'जीरो एफआईआर' दर्ज की, जिसे किसी भी पुलिस थाने में दर्ज किया जा सकता है, चाहे अपराध कहीं भी हुआ हो। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ÷हमने जीरो एफआईआर दर्ज करके जांच के लिए इसे महाराष्ट्र पुलिस को सौंप दिया है।÷

रोहित पवार ने बताया कि उन्होंने इससे पहले 25 फरवरी को मरीन ड्राइव पुलिस थाना और 26 फरवरी को बारामती पुलिस थाने को शिकायत दी थी, लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बाद में पुणे सीआईडी ने उन्हें बताया कि वे केवल दुर्घटनावश मृत्यु के पहलू की जांच कर रहे हैं। शिकायत में लिखा है, शिकायतकर्ता का कहना है कि यह घटना उपमुख्यमंत्री को खत्म करने के उद्देश्य से रची गई एक बड़ी आपराधिक साजिश का नतीजा थी। रोहित पवार ने दावा किया कि विमानन सुरक्षा नियमों का ÷व्यवस्थित उल्लंघन÷, अभिलेखों में जानबूझकर हेराफेरी, रखरखाव और संचालन में घोर लापरवाही और आचरण का एक ऐसा स्वरूप था, जिसके कारण यह घटना घटी।



उनके अनुसार, 24 फरवरी को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अपनी सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट में ÷घोषित और स्वीकार किया कि वीएसआर कंपनी का विमान ''हवाई उड़ान के लिए सुरक्षित नहीं था'' और इसलिए चार्टर विमान दुर्घटना की डीजीसीए जांच के तहत विमानों को उड़ान भरने से रोक दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि विमान वीटी-एसएसके को अनिवार्य सुरक्षा मानकों का व्यवस्थित उल्लंघन करते हुए संचालित किया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि दुर्घटना के समय, विमान लगभग 4,915 उड़ान घंटे पूरे कर चुका था और अनिवार्य इंजन ओवरहाल (टीबीओ) सीमा 5,000 घंटे तक पहुंचने में केवल लगभग 85 घंटे शेष थे। रोहित पवार ने कहा, इस सीमा के खतरनाक रूप से करीब संचालन के बावजूद, वीएसआर ने विमान को वाणिज्यिक संचालन के लिए तैनात करना जारी रखा, जिससे चालक दल और यात्रियों को यांत्रिक खराबी का अत्यधिक खतरा बना रहा। उन्हें संदेह था कि विमान ने वास्तव में 8,000 घंटे से अधिक उड़ान भरी होगी, जो उसकी प्रमाणित सुरक्षित परिचालन सीमा से कहीं अधिक है।

रोहित पवार ने कहा, उड़ान डेटा को जानबूझकर छिपाना और गलत तरीके से प्रस्तुत करना वैधानिक रखरखाव अभिलेखों में हेराफेरी के बराबर है और विमानन सुरक्षा नियमों का गंभीर उल्लंघन है, जैसा कि शिकायत में उल्लिखित किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के फर्जीवाड़े' ने एक असुरक्षित विमान के वाणिज्यिक संचालन को जारी रखने की अनुमति दी।

# कर्नाटक सरकार ने किया विश्वविद्यालय में आयोजित आरएसएस के कार्यक्रम को रद्द..

**बेंगलुरु, (भाषा)।**

कर्नाटक सरकार ने प्रोटोकॉल और दिशा-निर्देशों के उल्लंघन का हवाला देते हुए मैसूरु स्थित कर्नाटक राज्य मुक्त विश्वविद्यालय (केएसओयू) में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के विचारक दीनदयाल उपाध्याय पर प्रस्तावित तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला को मंगलवार को रद्द कर दिया।

सरकार के मुताबिक यह निर्णय विश्वविद्यालय की उस योजना की समीक्षा करने के बाद लिया गया जिसमें उसे पूर्व सूचना दिए बिना 25 से 27 मार्च तक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई थी। सरकार ने दावा किया कि विश्वविद्यालय के नाम, लोगो और आधिकारिक भागीदारी के बावजूद कार्यक्रम के निजी होने का दावा किया गया था। राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश में कहा गया, ''अंततः उपरोक्त कारणों से, 'एकात्मा मानव दर्शन - भारत का विश्वदृष्टिकोण' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय अकादमिक सम्मेलन को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।'' सरकार ने आदेश में प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन का भी जिक्र किया।

इसमें रेखांकित किया गया कि कुलपति इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले थे और विश्वविद्यालय में प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताओं की जांच जारी रहने के बावजूद एक निजी संगठन को अनुमति दी गई है। कर्नाटक के उच्च शिक्षा मंत्री एम सी सुधाकर ने राज्य सरकार के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि सरकारी विश्वविद्यालयों को गैर-राजनीतिक होना चाहिए और वैचारिक प्रभाव से मुक्त रहना चाहिए। आरएसएस के मीडिया प्रकोष्ठ द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक 'एकात्मा मानव दर्शन' नामक अंतरराष्ट्रीय अकादमिक सम्मेलन 25 से 27 मार्च तक केएसओयू के दीक्षांत समारोह हॉल में आयोजित किया जाना था। सुधाकर ने व्याख्यान श्रृंखला रद्द करने को लेकर राज्य की मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा की जा रही आलोचना पर कहा कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने आयोजन निकाय की प्रकृति और विश्वविद्यालय अधिकारियों की संलिप्तता को लेकर चिंता व्यक्त की। ८

उन्होंने बेंगलुरु में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''हमारे सरकारी विश्वविद्यालयों को राजनीति से दूर रहना चाहिए। हमारे विश्वविद्यालयों में किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि नहीं होनी चाहिए।'' सुधाकर ने आयोजकों से विश्वविद्यालय के जुड़ाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, ''यह चौंकाने वाली बात है कि हमारे विश्वविद्यालय ने उनके साथ समन्वय किया है। स्वयं कुलपति ही स्वागत समिति के अध्यक्ष हैं।'' आयोजकों के एक विशेष विचारधारा से जुड़े होने का आरोप लगाते हुए मंत्री ने कहा, ''यह संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ा एक बौद्धिक संगठन है।

जब ऐसा संगठन इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है और स्वयं कुलपति भी इसका हिस्सा हैं, तो मुझे लगता है कि इससे गलत संदेश जाता है।'' सुधाकर ने इस घटनाक्रम को ''प्रोटोकॉल का उल्लंघन'' करार दिया और कहा कि सरकार को इस घटना की जानकारी नहीं दी गई थी। मंत्री ने सरकार के रुख को दोहराते हुए कहा, ''यह एक सरकारी विश्वविद्यालय है, और उन्होंने हमें सूचित करने की जहमत तक नहीं उठाई।

अगर इसका संबंध उच्च शिक्षा में सुधार से था, तो सरकार को भी इसमें शामिल करना चाहिए था।''





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## पावर स्ट्राइकर ने जीता अंतर्विभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट महोत्सव ईपीएल सीजन 2 का खिताब..





### हेल्थ हीरोज बनी उपविजेता

*फाइनल मुकाबले में पावर स्ट्राइकर्स एमपीईबी केवलारी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया और हेल्थ हीरोज केवलारी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हेल्थ हीरोज*

ने निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 90 रन बनाए और पावर स्ट्राइकर्स को जीत के लिए 91 रनों का लक्ष्य दिया। हेल्थ हीरोज की शुरुआत अच्छी रही, जहां ओपनर बल्लेबाज आशीष कटारे ने 16 गेंदों में 28 रन (5 चौके, 1 छक्का) की तेज पारी खेली। बंटी सराठे ने 12 गेंदों में 22 रन (3 चौके, 1 छक्का) बनाकर टीम को मजबूती दी। विकाश सिंह ने 11 गेंदों में 13 रन (1 चौका, 1 छक्का) का योगदान दिया, जबकि एचएल पंद्रे 4 गेंदों में 6 रन बनाकर नाबाद लौटे। अन्य बल्लेबाजों में बीपीएम मंडेले ने 5 गेंदों में 4 रन, आकाश ठाकरे ने 3 गेंदों में 4 रन, पंकज तिवारी ने 4 गेंदों में 1 रन और दीपक ठाकुर ने 1 गेंद में 1 रन बनाया। सद्दाम खान और साकेत डौने खाता नहीं खोल सके। टीम को 11 रन अतिरिक्त के रूप में मिले।

### पावर स्ट्राइकर की घातक गेंदबाजी का कमाल

पावर स्ट्राइकर्स की ओर से गेंदबाजी में राजेन्द्र कुमरे ने 2 ओवर में 8 रन देकर 2 विकेट लिए। विकास कौशिक ने 2 ओवर में 13 रन देकर 2 विकेट, शशांक चौरसिया ने 2 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट और भारत भंवारे ने 2 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। विजयकुमार पंचेश्वर ने 2 ओवर में 19 रन खर्च किए, हालांकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।

### हेल्थ हीरोज की पारी में विकेटों का पतन इस प्रकार रहा

हेल्थ हीरोज की ओर से पहला विकेट बंटी सराठे का 54 रन पर (4.1 ओवर), दूसरा विकेट सद्दाम खान का 54 रन पर (4.4 ओवर), तीसरा विकेट बीपीएम मंडेलेज का 59 रन पर (5.4 ओवर), चौथा विकेट आशीष कटारे का 60 रन पर (5.6 ओवर), पांचवां विकेट पंकज तिवारी का 74 रन पर (7.6 ओवर), छठा विकेट आकाश ठाकरे का 79 रन पर (8.4 ओवर), सातवां विकेट साकेत डौने का 79 रन पर (8.5 ओवर), आठवां विकेट विकाश सिंह का 83 रन पर (9.1 ओवर) और नौवां विकेट दीपक ठाकुर का 84 रन पर (9.3 ओवर) गिरा। पावर स्ट्राइकर्स को जीत के लिए 10 ओवर में 91 रन बनाने थे।

### पावर स्ट्राइकर्स ने 8 विकेट से जीता खिताब, शानदार जीत के साथ बने चैंपियन

सीजन-2 के फाइनल मुकाबले में पावर स्ट्राइकर्स एमपीईबी केवलारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हेल्थ हीरोज केवलारी को 8 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। 91 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पावर स्ट्राइकर्स ने 8.4 ओवर में 2 विकेट खोकर 91 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पावर स्ट्राइकर्स की शुरुआत आक्रामक रही। शशांक चौरसिया ने 12 गेंदों में 21 रन (2 चौके, 2 छक्के) बनाकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। इसके बाद राजेन्द्र कुमरे ने 17 गेंदों में 24 रन (2 चौके, 1 छक्का) की उपयोगी पारी खेली।

हालांकि असली मैच विनर विजयकुमार पंचेश्वर रहे, जिन्होंने 22 गेंदों में नाबाद 42 रन (3 चौके, 4 छक्के) की तूफानी पारी खेलते हुए टीम को जीत दिलाई। अंत में विकास कौशिक 1 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत तक पहुंचाया। टीम को 3 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। हेल्थ हीरोज की ओर से गेंदबाजी में सद्दाम खान ने 2 ओवर में 6 रन देकर 1 विकेट लिया, जबकि साकेत दौने ने 1.4 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। अन्य गेंदबाजों में आकाश ठाकरे (2 ओवर, 15 रन), बीपीएम मंडलेजी (1 ओवर, 17 रन), दिलीप यादव (1 ओवर, 14 रन) और दीपक ठाकुर (1 ओवर, 11 रन) को कोई सफलता नहीं मिली।

### पावर स्ट्राइकर्स की पारी में विकेटों का पतन इस प्रकार रहा

पहला विकेट शशांक चौरसिया का 26 रन पर (2.5 ओवर) और दूसरा विकेट राजेन्द्र कुमरे का 90 रन पर (8.3 ओवर) गिरा। इस शानदार जीत के साथ पावर स्ट्राइकर्स ने श्वक्कसीजन-2 का खिताब अपने नाम कर लिया और पूरे टूर्नामेंट में अपने दबदबे को साबित किया।

## किकबॉक्सिंग: सिवनी की बालिकाएं खेलो इंडिया नेशनल लीग हेतु चेन्नई रवाना..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

*स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया तथा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में, वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के सहयोग से आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग*

वूमेंस नेशनल लीग 2025-26 हेतु सिवनी जिले की बालिका खिलाड़ी चेन्नई (तमिलनाडु) के लिए रवाना हो रही हैं। सिवनी जिले की अनुप्रिया कौरव, ऐश्वर्या ब्रह्मवंशी एवं अनन्या साहू ने इंदौर में आयोजित वेस्ट ज़ोन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल लीग के लिए क्वालिफाई किया है। अब ये खिलाड़ी 26 से 29 मार्च 2026 तक चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। सभी खिलाड़ी अनुभवी मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक निकेश पद्माकर एवं योगेश नाविक के कुशल, अनुशासित एवं निरंतर मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

## मांगें पूरी न होने पर प्रदेश के 55,000 सहकारिता कर्मचारी 1 अप्रैल से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

*म.प्र. सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। महासंघ की जिला इकाई सिवनी द्वारा मुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन*

में चेतावनी दी गई है कि यदि 25 मार्च 2026 तक उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ, तो 1 अप्रैल 2026 से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन और काम बंद आंदोलन शुरू किया जाएगा

### प्रमुख मांगें और मुद्दे

महासंघ के जिलाध्यक्ष बंशीलाल ठाकुर ने बताया कि 22 सितंबर 2025 को विभागीय अधिकारियों के साथ हुई बैठक में मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन आज तक उनका पालन नहीं हुआ है कर्मचारियों की मुख्य मांगें इस प्रकार हैं:

वेतन वृद्धि: पैक्स (क्क्ष्स्) सहकारी संस्थाओं के कर्मचारियों को अक्टूबर 2023 से कलेक्टर दर के अतिरिक्त बढ़ा हुआ वेतन और हर माह नियमित भुगतान दिया जाए। बकाया भुगतान: 34 जिलों के विक्रेताओं का पिछले 18 महीनों का 54,000 का बकाया भुगतान तत्काल किया जाएपदोन्नति सहायक प्रबंधकों को समिति प्रबंधक के समकक्ष पद पर तय समय-सीमा में पदोन्नत किया जाएपरिवीक्षा अवधि  कनिष्ठ विक्रेताओं की परिवीक्षा अवधि समाप्त कर उन्हें पूर्ण विक्रेता का दर्जा दिया जाए

### आंदोलन का व्यापक असर

यदि यह हड़ताल होती है, तो प्रदेश की 4,523 पैक्स संस्थाएं और 22,500 उचित मूल्य की दुकानें बंद हो जाएं इसमें कार्यरत लगभग 55,000 कर्मचारी (प्रबंधक, लेखापाल, ऑपरेटर, विक्रेता और चौकीदार आदि) शामिल होंगे खाद-बीज और ऋण वितरण,समर्थन मूल्य पर फसलों का उपार्जन और कर्जा वसूलीराशन दुकानों से होने वाला खाद्यान्न वितरण सेवाएं प्रभावित होगी।

महासंघ ने स्पष्ट किया है कि मांगों का निराकरण न होने की स्थिति में कर्मचारी जिला स्तर पर टेंट लगाकर बैठने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी।

## पी जी कॉलेज मे नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित





**जगप्रेरणा सिवनी।**

*प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में 'उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ वेलनेस' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में युवा विद्यार्थियों का उत्साह देखने को मिला. शिविर*

में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के. सी. राउर ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ तन और स्वस्थ मन ही जीवन को उमंग और उत्साह से भरते हैं। संतुलित दिनचर्या अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर होने का संदेश देते हुए कहा कि  स्वस्थ युवा, सशक्त भारत के मंत्र से ही भारत विकसित राष्ट्र बन सकता है।

शिविर में दंत चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय उपाध्याय तथा नेत्र चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलीप यादव ने विद्यार्थियों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ आंखों, दांतों एवं ब्लड शुगर की जांच की गई।

स्वस्थ यकृत मिशन के तहत विद्यार्थियों की ऊंचाई, वजन और कमर का मापन कर बीएमआई का आकलन किया गया. कम वजन वाले विद्यार्थियों को पोषक आहार लेने की सलाह दी गई, वहीं अधिक वजन वाले विद्यार्थियों को नियमित व्यायाम और फास्ट फूड से दूरी बनाने का सुझाव दिया।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन-शैली अपनाने की प्रेरणादायी व्याख्यान दिया.  जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पाण्डेय सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं अतिथि उपस्थित रहे. सभी ने स्वास्थ्य दल का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों से शिविर का अधिकतम लाभ लेने की अपील की.

### दैनिक जीवन और स्वास्थ्य विषय पर हुआ युवाओं से सार्थक संवाद

नोडल अधिकारी के. सी. राउर ने बताया कि  पिछली बार की तरह यह आयोजन राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को उच्च रक्तचाप, मोटापा, मधुमेह जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया. कार्यक्रम के दौरान युवा छात्र-छात्राओं से दैनिक जीवन और स्वास्थ्य विषय पर सार्थक संवाद हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने बताया कि पिछले बार आयोजित कार्यक्रमों से उन्हें बेहद फायदा हुआ।

कई युवाओं ने स्वस्थ जीवन शैली अपना कर अपनी करियर की दिशा निर्धारित की है और उन्हें सफलता हासिल हो रही है। युवाओं ने उमंग हेल्थ वेलनेस के कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें स्वयं के और परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य अच्छा रखने में काफी मदद मिल रही है।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा आईडी बनाने की प्रक्रिया भी बताई गई, जिसमें शिविर के दौरान लगभग 200 विद्यार्थियों की आईडी तैयार की गई।

नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिलीप यादव ने आंखों की जांच के साथ स्क्रीन टाइम कम करने की सलाह दी, वहीं मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता मानसी पलागर ने  मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाया। पुष्पा शर्मा,  सपना श्रीवास और जयंती कुल्हाड़े की टीम ने भी छात्र-छात्राओं की जांच की और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य के टिप्स बताए।

शिविर के सफल संचालन में देव डहेरिया, मनीष परिहार एवं सुधीर डहेरिया  का विशेष सहयोग रहा। महाविद्यालय परिवार से डॉ सविता मसीह, डॉ. ज्योति कुमरे, डॉ. चंद्रकला अरमोती, डॉ. ज्योति गजभिये, डॉ राधेश्याम डहेरिया, डॉ शाइस्ता कुरैशी , प्रो रचना राय, डॉ दिनेश चित्रिव, डॉ मनोज टेम्भरे, डॉ रामकुमार नायक, लेखराम डहेरिया, अभय नायक, संदीप शुक्ला, पुष्पेंद्र धुर्वे, उमाशंकर वर्मा की विशेष  उपस्थिति के साथ प्राध्यापक शिक्षक और स्टाफमौजूद रहे. कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## बंडोल पुलिस ने ग्राम बोरिया टांणे में की जुआं रेड कार्यवाही, 4 जुआंड़ि गिरफ्तार, 1 फरार : 1500 रुपए जप्त

**जगप्रेरणा सिवनी।**

*पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के द्वारा अवैध जुआ फड़ पर सख्त कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे*

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीओपी सचिन परते के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. मनोज जंघेला एवं उनकी टीम व्दारा थाना क्षेत्र मे तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। दिनाँक 22.03.2026 को थाना बंडोल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बोरिया में शिवहरे गिट्टी क्रेशर के पीछे भीम उर्फगोलू ठाकुर लोगो को इकट्ठा कर जुआ खिला रहा हैं कि सूचना पर थाना प्रभारी बंडोल उप.निरी. मनोज जंघेला के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये टीम के साथ शिवहरे गिट्टी क्रेशर के पीछे दबिश दिये जो पुलिस को देखकर मौके से जुआडियान भागने का प्रयास करने लगे जिन्हे घेराबंदी कर धर दबोचा गया, जो आरोपी जीत सिंह बंजारा पिता छिदामी लाल बंजारा उम्र 38 साल, फारूख पिता लतीफमुसलमान उम्र. 40 साल, आशिक पिता फूल सिंह बंजारा उम्र 41 साल, मदन बंजारा पिता प्रेमसिंह बंजारा उम्र. 55 साल सभी निवासी ग्राम बोरिया टांणे जिनके फड़ व पास से ताश के 52 पत्ते व नगदी 1500 रूपये जप्त किया गया एवं आरोपी भीम उर्फ गोलू ठाकुर मौके से भाग गया। आरोपीगणो के विरूध्द धारा 13 जुआ एक्ट, 49 बीएनएस की कार्यवाही की गई।

जुआ रेड कार्यवाही के दौरान मौके से मुख्य आरोपी भीम उर्फ गोलू ठाकुर निवासी बोरिया टांणे का भाग गया। जिसकी तलाश पतासाजी जारी है।

### गिरफ्तार आरोपी

जीत सिंह बंजारा पिता छिदामी लाल बंजारा उम्र 38 साल निवासी बोरिया टांणे बण्डोल, फारूख पिता लतीफमुसलमान उम्र. 40 साल निवासी बोरिया टांणे थाना बंडोल, आशिक पिता फूल सिंह बंजारा उम्र 41 साल निवासी बोरिया टांणे थाना बंडोल, मदन बंजारा पिता प्रेमसिंह बंजारा उम्र. 55 सास निवासी बोरिया टांणे थाना बंडोल, भीम उर्फगोलू ठाकुर निवासी बोरिया टांणे थाना बंडोल फरार आरोपी

### जप्ती

1500/- रुपये नगदी एवं 52 ताश के पत्ते

सराहनीय कार्य

थाना प्रभारी उनि. मनोज जंघेला, सउनि. शिवेन्द्र वसूले, सउनि. राजेन्द्र नागवंशी,

प्र.आर. जयेन्द्र बघेल, आर. अंकित चौरसिया, आर. राहुल कुशवाहा।

## चाकू लेकर घूमने वाला युवक डुण्डासिवनी पुलिस की गिरफ्त में

**जगप्रेरणा सिवनी।**

*पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व्दारा चाकूबाजो के विरुध्द सख्त है चाकूबाजो पर तत्परता से कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है साथ ही अपराधियो के विरुध्द भी सख्ती से कार्यवाही हेतू प्रयत्नशील रहते है।*

जो इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनु. अधिकारी (पुलिस) सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डूण्डासिवनी चैनसिंह उइके व्दारा उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 23/03/2026 को सूचना प्राप्त हुई कि जनता नगर आईरिस स्कूल के पास एक व्यक्ति मे चाकू लेकर घूम रहा है आम लोगो को डराने धमकाने कि सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी चैनसिंह उड़के के नेत्तृव मे डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा घेराबंदी कर जनता नगर चौक के पास व्यक्ति को पकड कर धारदार लोहे का चाकू जप्त करने मे सफलता प्राप्त की है जो आरोपी के विरुध्द अपराध क्रंमाक 139/2026 धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

### गिरफ्तार आरोपी

एजाज खान पिता फैयाज खान उम्र 19 साल नि. छोटी मस्जिद चौक थाना कोतवाली जिला सिवनी।

### जप्ती

एक लोहे का बकानुमा चाकू।

सराहनीय कार्य

निरी. चैनसिंह उड़के के नेत्तृव मे सउनि निसार खान, प्र. आर. रणजीत पटले, आर. नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, केसरीनंदन ऐडे।

## कवि सम्मेलन में शामिल होगी शायरा शाबीना, अदील व कवि प्रियांशु गजेंद्र

**जगप्रेरणा सिवनी।**

भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती के अवसर पर दिगम्बर  जैन समाज सिवनी द्वारा 30 मार्च को शाम 8 बजे से गांधी  चौक में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन  का आयोजन किया गंया है इसमें कवि बाराबंकी से हास्य कवि डा,प्रियांशु गजेंद्र, कानपुर  से गीत ग़ज़ल शाबीना अदीब ,भोपाल से वीर रस के अभय निर्भीक उत्तरप्रदेश से हास्य कवि सौरभ जायसवाल, मध्यप्रदेश के हास कवि विकास वैरागी, जबलपुर से कति जैन गीत गजल डा,रामकुमार चतुर्वेदी गीत प्रस्तुत करेंगे आयोजन समिति ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### नेताजी स्कूल का नौवीं एवं ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम  रहा 60 प्रति.

**जगप्रेरणा सिवनी।**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस हायर सेकेंडरी स्कूल सिवनी में वर्ष 2026 की आयोजित परीक्षा का परिणाम नवमी एवं दसवी में 60 पतिशत रहा। सालों की प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को इन परिणामों के लिए अपनी शुभकामनाए दी है।तथा समस्त स्टाफको बधाई दी।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP

डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS

मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक

विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध

पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी

मो.- 8817448039


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


### लंबित शिकायतों का 07 दिनों में निराकरण नही होने पर

## की जाएगी ऑफिस मैनेजर की सेवा समाप्ति की कार्यवाही - कलेक्टर मृणाल मीना

### प्रसूति सहायता नही मिलने संबंधी सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों की कलेक्टर ने की समक्ष में सुनवाई..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 24 मार्च को स्वास्थ्य विभाग की प्रसूति सहायता योजना की राशि नही मिलने संबंधी सीएम हेल्पलाईन की 300 से अधिक दिनों से लंबित शिकायतों की समक्ष में सुनवाई की और उनके निराकरण की जानकारी ली। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप, सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन, डीपीएम श्री विक्रम सिंह ठाकुर, खैरलांजी एवं बिरसा के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय के आफिस मैनेजर एवं लोक सेवा प्रबंधक अनिल लिल्हारे उपस्थित थे।***

संध्या पंचेश्वर, मलाजखंड के दिनेश उइके, खैरलांजी की रानू मचाडे, प्रमिला पति देवानंद लाडे, पूजा पति घनश्याम पाण्डे, गीता पति अमित बरोठे एवं बिरसा विकासखंड के ग्राम बहेराखार की विशाखा मरावी द्वारा प्रसूति सहायता योजना की 10 हजार 600 रुपए की राशि एवं जननी सुरक्षा की 1400 रुपए की राशि नही मिलने की शिकायत सीएम हेल्पलाईन में की गई थी। यह सभी शिकायतें 300 से अधिक दिनों से लंबित थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान बताया गया कि इन हितग्राहियों को संबल कार्ड की एंट्री अनमोल साफ्टवेयर में अपडेट नही होने के कारण उनका भुगतान रूका हुआ था। जिला चिकित्सालय द्वारा मार्च माह के दूसरे एवं तीसरे सप्ताह में अनमोल पोर्टल पर जानकारी अपडेट कर रोगी कल्याण समिति की राशि से इन हितग्राहियों को राशि का भुगतान कर दिया गया है।

### बोले कलेक्टर मृणाल मीना..

प्रसूति सहायता की लंबित शिकायतों की समक्ष में सुनवाई के दौरान पाया गया कि लगभग 600 शिकायतें अनमोल पोर्टल पर निराकरण के लिए लंबित है। कलेक्टर श्री मीना ने इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर की और जिला चिकित्सालय में प्रसूति सहायता वितरण शाखा की व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन को इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये और कहा कि प्रसूति सहायता का कोई भी प्रकरण अनावश्यक लंबित नही रहना चाहिए। प्रसूति सहायता वितरण शाखा के लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कडी कार्यवाही की जाए। कलेक्टर श्री मीना ने जिला चिकित्सालय के आफिस मैनेजर को चेतावनी देते हुए कहा कि वे 07 दिनों के भीतर प्रसूति सहायता की सभी 600 शिकायतों का निराकरण कर उनका भुगतान सुनिश्चित करें अन्यथा उनकी सेवा समाप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि प्रसूति सहायता के प्रकरणों पर वे भी अपने स्तर से निगरानी रखे और सुनिश्चित करे कि उनके क्षेत्र की गर्भवती माताओं को प्रसव के उपरांत सहायता राशि अविलंब प्राप्त हो जाए।

### अनमोल पोर्टल पर सही जानकारी दर्ज नही करने वाली एएनएम पर होगी कार्यवाही

समक्ष में सुनवाई के दौरान बताया गया कि माता के गर्भवती होते ही अनमोल पोर्टल पर एएनएम द्वारा गर्भवती महिला के संबंध में सभी जानकारी दर्ज की जाती है। जिसके आधार पर प्रसूति सहायता एवं जननी सुरक्षा योजना की राशि हितग्राही महिला को प्रदान की जाती है। लेकिन देखने में आया है कि एएनएम द्वारा अनमोल पोर्टल पर गर्भवती माता की सही जानकारी दर्ज नही की जा रही है, जिसके कारण प्रसूति सहायता एवं जननी सुरक्षा की राशि स्वीकृत करने में परेशानी आ रही है। यदि एएनएम द्वारा अनमोल पोर्टल पर गर्भवती माता की समग्र आईडी, संबल कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता आदि की सही जानकारी अपडेट की जाएगी तो प्रसूति सहायता की राशि तत्काल स्वीकृत कर दी जाएगी।

कलेक्टर श्री मीना ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि अनमोल पोर्टल पर गर्भवती माता की सही सही जानकारी दर्ज नही करने वाली एएनएम की सूची तैयार करें और उनके विरूद्ध कडी कार्यवाही का प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

## बालाघाट में सिक्ख समाज द्वारा मनाई गई शहीद ए आजम भगत सिंह की शहीदी..

### मरीजो को अस्पताल में किया गया फल वितरण..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट में महान क्रांतिकारी एवं देश की आजादी के लिये सूली पर चढ़ जाने वाले शहीदे ए आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु शहीद दिवस के शहीद दिवस पर सिक्ख समुदाय द्वारा उन्हें वंदन कर उनसे राष्ट्रभक्ति की***

प्रेरणा ली गई। इस संबंध में सिख यूथ के मार्गदर्शक डॉ. जसबीर सिंह सौंधी एवं अध्यक्ष जस्मीत सिंह नरडे ने जानकारी देते हुए बताया कि आज महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आज़म भगत सिंह जी, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस के अवसर पर सिख समाज एवं सभी देशभक्त व क्रांतिकारी विचारधारा से जुड़े लोगों द्वारा जिला चिकित्सालय स्थित शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने बताया कि भगत सिंह जी ने बहुत कम उम्र में देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनके साहस, देशभक्ति और बलिदान की भावना आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अंग्रेज़ों के खिलाफ उनके संघर्ष और ÷इंकलाब जिंदाबाद÷ के नारे ने पूरे देश में स्वतंत्रता की अलख जगाई। इस अवसर पर उपस्थित जनों द्वारा मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरित कर सेवा कार्य भी किया गया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस कार्यक्रम में श्री गुरु सिंघ सभा के अध्यक्ष हरमिंदर सिंह अटलिया, उपाध्यक्ष अमरिक सिंह सोंधी, सचिव गुरदयाल सिंह भाटिया एवं सतनाम सिंह सलूजा, हरचरण सिंह नरडे, वैभव कश्यप (आरएसएस), लता अल्कर (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, महिला मोर्चा भाजपा), रमेश रंगलानी (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष), खागेश कावरे (पार्षद, वार्ड क्रमांक 28),गजेंद्र भारद्वाज(पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष),रामाकांत ढाका (उत्तर मंडल अध्यक्ष, भाजपा), दर्शन सिंह ढिल्लों, राम सिंह भाटिया, अनिल शुक्ला, यशवंत गडवे, राज बाजपेयी, जसकरण सिंह सोंधी, प्रभांशु सानेकर, सतनाम सिंह, रघुवीर सिंह, अरमान सिंह, विक्रम सिंह एवं समस्त यूथ व सिख समाज के लोग उपस्थित रहे।

## पीजी कॉलेज में 'मनोबल सत्र 2026' के आयोजन में विद्यार्थियों को मिला तनाव प्रबंधन का मार्गदर्शन





जगप्रेरणा बालाघाट।

***शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा प्रायोजित मनोबल सत्र 2026 का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम***

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन में 13, 14, 16 एवं 17 मार्च 2026 को ऑनलाइन माध्यम के जरिए संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा शैक्षणिक एवं मानसिक तनाव से निपटने की रणनीतियाँ, ध्यान (मेडिटेशन), बिना तनाव के लक्ष्य प्राप्ति, सामाजिक तनाव, जीवन कौशल एवं भावनात्मक संतुलन जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। इससे विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परीक्षा तनाव को कम करना, सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना एवं जीवन कौशल को सुदृढ़ करना रहा, जिसे सफ्लतापूर्वक प्राप्त किया गया।

इसी श्रृंखला में समापन सत्र 24 मार्च 2026 को वर्चुअल कक्षा में आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. विनय मिश्रा ने ÷स्ह्हृद्दह्यह्य स्ड्डठ्ठड्डद्दद्धद्दठ्ठ ष्ठह्लद्धठ्ठद्द श्व×ड्डद्व क्चह्लद्धश्स्र÷ विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। साथ ही माननीय उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा भी विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।


॥ श्री जीणमाता की जय ॥ ॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
# मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।


वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


## जनसुनवाई : 102 आवेदकों की समस्याओं का कलेक्टर मृणाल मीना ने किया समाधान..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 24 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक,***

श्री एमआर कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 102 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे। जनसुनवाई में बालाघाट तहसील के ग्राम बरखो निवासी शिवकुमार मड़ावी भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के तहत पशुपालन के लिए ऋण दिलाने की मांग लेकर आये थे। शिवकुमार मड़ावी का कहना था कि वे हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण है और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपना स्वयं का व्यवसाय करना चाहता है। उसने बताया कि उसके पास 10 गाय व 20 बकरियॉ है परन्तु पूंजी के अभाव में वे अपना स्वयं का रोजगार नहीं कर पा रहे। शिवकुमार मड़ावी नें कलेक्टर से मांग की है की वह अनुसूचित जनजाति वर्ग से आता है इसलिए उसे शासन की योजना के तहत 50 हजार रूपये की ऋण राशि व 05 प्रतिशत ब्याज के अनुदान कों स्वीकृत कर ले। उसकी समस्या कों सुनते हुए कलेक्टर श्री मीना नें उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा कों आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

तिरोड़ी तहसील के ग्राम नयाटोला निवासी मानसिंह परते कर्ज माफ़ी की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि उसकी भूमि पर पिछले 04 से 05 वर्षो में धान की फसल नहीं हो पा रही है। राजीव सागर बाँध का पानी लगातार बहने से धान की फसल कों बीमारी लग रही है व फसले पर्याप्त उपज नही मिल रही है। जिसके कारण वह अत्यधिक कर्जे में चला गया है। वह सेंट्रल बैंक शाखा तिरोड़ी का 02 लाख का कर्ज अदा नहीं कर पा रहा है। इस पर कलेक्टर श्री मीना नें उपसंचालक कृषि एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

जनसुनवाई में ग्राम मानेगांव के मछुआ समाज के ग्रामवासी मछुआ समिति से अपने ग्राम कों जोड़ने की मांग लेकर आये थे। मछुआ समाज के लोगो का कहना था कि हम सभी मछली पालन का काम करते है लेकिन हमारे गांव में कोई भी मछुआ समिति नहीं है। उनका कहना था कि मानेगांव से 03 किलोमीटर पर सुरवाही में मछुआ समिति है व मछुआ समिति का तालाब 05 किलोमीटर दूर है। मछुआ समिति से न जुड़ने के कारण हम सभी ग्रामवासी मछली पालन नहीं कर पा रहे है व हम सभी बेरोजगार हो गए है। बारिश के मौसम में हम सभी कों मजबूरी में नाले के पानी से मछली मारना पड़ता है। समिति से न जुड़े रहने के कारण हमें शासन की सभी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल रहा है। उनकी समस्या कों सुनते हुए कलेक्टर श्री मीना नें उपसंचालक मत्स्योद्योग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

लालबर्रा तहसील के ग्राम सोनेवानी निवासी दीपसिंह कुमरे चौकीदार के पद पर नियुक्ति की मांग लेकर आये थे। दीपसिंह कुमरे का कहना था कि वह पढ़ा लिखा बेरोजगार है व रोजगार न होने से उसकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गयी है। उसने बताया कि उसका निवास व ग्राम वन परिक्षेत्र लालबर्रा के अंतर्गत आता है। अतः उसे वन विभाग के अंतर्गत चौकीदार की नौकरी मिल जाती है तो वह अपने घर का पालन-पोषण अच्छे से कर पाएगा। इस प्रकरण में वन विभाग के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जनसुनवाई में बालाघाट तहसील के ढीमरटोला बूढ़ी निवासी रविशंकर खरोले सीएम स्वरोजगार योजना अंतर्गत ई-रिक्शा की सब्सिडी प्रदान करने की मांग लेकर आये थे।

रविशंकर खरोले का कहना था कि उन्होंने सीएम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ई-रिक्शा प्राप्त किया था। उनके द्वारा ई-रिक्शा के लोन की पूरी राशि बैंक में जमा की जा चुकी है लेकिन उसकी सब्सिडी अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। उसने बताया कि इस सम्बन्ध में 18 दिसंबर 2025 कों सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गयी थीं परन्तु अभी तक इसका कोई समाधान नहीं मिला है। इस पर कलेक्टर श्री मीना नें अग्रणी बैंक प्रबंधक कों आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

लालबर्रा तहसील के ग्राम मोहगांव (ध) की प्रेमलता नगपुरे शिकायत लेकर आयी थी कि वर्ष 2024-25 में उसे मीनाक्षी तालाब स्वेीकृत किया गया था। उसके खेत में तालाब का कार्य पूर्ण हो गया है और वह उसमें मंछली पालन का कार्य कर रही है। लेकिन उसे अब तक तालाब निर्माण की सामग्री का भुगतान नही किया गया है। अतः उसे सामग्री का शीघ्र भुगतान किया जाए।

इस प्रकरण में जिला पंचायत के मनरेगा पीओ को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। जनसुनवाई में किरनापुर तहसील के ग्राम पल्हेरा के निवासी राहुल सिल्होरे शिकायत लेकर आये थे कि वह वर्ष 2024 में अपनी पत्नेी के साथ काम की तलाश में तेलंगाना गया था, वहां पर नागपुरी अनिल पिता कुमार स्वामी द्वारा उसे मिस्त्री और आटो चलाने का कार्य दिया गया था। उसके द्वारा अपनी पत्नेी के साथ 02 साल तक वहां पर काम किया गया, लेकिन नागपुरी अनिल पिता कुमार स्वामी द्वारा उसका 04 लाख 69 हजार रुपए का भुगतान नही किया गया है। अतः उसे यह राशि दिलायी जाए। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने जिला श्रम पदाधिकारी को आवश्येक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

बालाघाट तहसील के ग्राम कोसमी निवासी दयाराम नगपुरे शिकायत लेकर आये थे कि उसके पडोसी धरम नगपुरे द्वारा उसे अपने मकान व खेत में जाने के लिए रास्ते का उपयोग नही करने दे रहा है। दयाराम ने बताया कि उसके मकान के बाजू में धरम नगपुरे की प्लाटिंग है, उसने अपने खेत में आने जाने के लिए 01 लाख 10 हजार रुपए एवं मकान में आने जाने के लिए 01 लाख 10 हजार रुपए इस प्रकार के 02 लाख 20 हजार रुपए की राशि धरम नगपुरे को दिया है, लेकिन अब धरम नगपुरे उसे अपने प्लाटिंग के रास्ते में दरवाजा खोलने से मना कर रहा है। अतः धरम नगपुरे के विरूद्ध कार्यवाही की जाए और उसकी राशि वापस दिलायी जाए। इस प्रकरण में एसडीएम बालाघाट को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

खैरलांजी तहसील के ग्राम भोरगढ निवासी पतिराम बाहेश्वेर पुत्र की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की दावा राशि नही मिलने की शिकायत लेकर आये थे। पतिराम का कहना थोकि उसके पुत्र निलेश की 23 अगस्ते 2025 को सडक दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। उसका स्टेट बैंक भोरगढ में खाता था और उसने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में बीमा कराया था। उसके द्वारा 09 सितम्बेर 2025 को दावा राशि के लिए सभी दस्ताेवेजों के साथ बैंक में आवेदन जमा कर दिया गया है। लेकिन अब तक उसे दावा राशि का भुगतान नही किया गया है। इस प्रकरण में अग्रणी बैंक प्रबंधक को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

जनसुनवाई में ग्राम हीरापुर की अमरूता बाई नेवारे राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना की राशि दिलाने की मांग लेकर आयी थी। अमरूता बाई का कहना था कि उसक परिवार बीपीएल श्रेणी में है और उसके पति की 20 अप्रैल 2025 को मृत्यु हो गई है। उसके द्वारा ग्राम पंचायत में आवेदन दिया गया है, लेकिन उसे अब तक सहायता राशि नही मिली है। इस पर सामाजिक न्याय विभाग के जिला समन्वयक को कार्यवाही करने कहा गया है। किरनापुर तहसील के ग्राम भुवा के निवासी विरेंद्र टोंडरे पत्नी की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री जीवन ज्याति बीमा योजना की दावा राशि नही मिलने की शिकायत लेकर आये थे। उनका कहना था कि उसकी पत्नेी सुमेश्वरी टोंडरे की 12 अप्रैल 2025 को मृत्यु हो गई है उसका बैंक आफमहाराष्ट्र शाखा भानेगांव में खाता है और उसने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में बीमा कराया था, लेकिन उसे अब तक दावा राशि का भुगतान नही किया गया है। अतः उसे शीघ्र दावा राशि का भुगतान किया जाए। इस प्रकरण में अग्रणी बैंक प्रबंधक को आवश्येक कार्यवाही करने कहा गया है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935

जग प्रेरणा

# लालबर्रा / बैहर / परसवाड़ा

● कनकी ● बेहरई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर

## गढ़वाल स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान हेतु चौक नामकरण का प्रस्ताव दें, स्वीकृति देना मेरी जिम्मेदारी - नपा अध्यक्ष भारती ठाकुर..

### युवाओं की पहल से गूंजा समाज, युवक-युवती परिचय सम्मेलन बना ऐतिहासिक आयोजन













हितेश अजीत, जगप्रेरणा बालाघाट।

*अखिल भारतीय युवा प्रकोष्ठ गढ़वाल महासभा के नेतृत्व में आयोजित भव्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं संवाद कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंचीं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर ने कहा कि गढ़वाल समाज के स्वतंत्रता सेनानियों पर पूरे शहर को गर्व है।*

समाजजनों द्वारा बालाघाट शहर में किसी चौक के नामकरण का प्रस्ताव रखे जाने पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि समाज उपयुक्त स्थान का चयन करे, स्वीकृति देना उनकी जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि महान सेनानियों के नाम पर चौक का नामकरण कर उनके योगदान को सम्मानित किया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज को जोड़ने और अपनी जड़ों को मजबूत करने का सशक्त माध्यम बताया। वहीं विशेष अतिथि पिछड़ा आयोग सदस्य मौसम बिसेन ने अपने संबोधन में कहा कि गढ़वाल समाज से उनके परिवार का वर्षों पुराना आत्मीय रिश्ता रहा है। लालबर्रा, भरवेली, बालाघाट सहित पूरे क्षेत्र में समाज का उन्हें भरपूर सहयोग मिला है। उन्होंने आश्वस्त किया कि समाज के हित में जब भी किसी नेक कार्य के लिए सहयोग की आवश्यकता होगी, वे सदैव साथ खड़ी रहेंगी।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि युवा प्रकोष्ठ गढ़वाल महासभा के युवाओं की पहल पर आयोजित यह सम्मेलन ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही। मंच पर युवक-युवतियों ने अपना परिचय देकर आपसी संवाद को बढ़ावा दिया, वहीं समाज की संस्कृति को सहेजने के उद्देश्य से गढ़वाली गीत का विमोचन भी किया गया। साथ ही युवक-युवती परिचय पुस्तिका का लोकार्पण अतिथियों के करकमलों से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, इसके पश्चात गढ़वाल समाज के महापुरुषों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। युवक-युवतियों ने भी अपने विचार रखते हुए समाज की एकता, प्रगति और संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। यह आयोजन सामाजिक समरसता का प्रतीक बनकर उभरा और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायक प्रयास साबित हुआ।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष गढ़वाल समाज महासभा रविन्द्र नागेश्वर ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की शक्ति उसकी एकता और युवा ऊर्जा में निहित है। उन्होंने कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन केवल वैवाहिक संवाद का मंच नहीं, बल्कि सामाजिक समन्वय और सांस्कृतिक संरक्षण का माध्यम भी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा, संगठन और संस्कार के माध्यम से समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं तथा अपने पूर्वजों और स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र नागेश्वर, पीताम्बर नागेश्वर , प्रदीप खरे, प्रकाश अर्जुनवार, गोपाल विष्ठ, युवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल शिववंशी, मार्गदर्शक विवेक शिववंशी, किशोर दिनेवार , कमलेश अजीत,गोविंदराम खरे, कमलेश नागेश्वर, संतोष अर्जुनवार, प्रदीप हरिन्द्रवार ,अमर हरिन्द्रवार सहित अनेक अतिथि गणमान्य जन उपस्थित रहे। जिन्होंने भी समाज विकास के लिए अपनी बात रखी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में अखिल भारतीय गढ़वाल समाज युवा प्रकोष्ठ, गढ़वाल समाज महासभा महिला प्रकोष्ठ, गढ़वाल समाज मंडल बालाघाट, गढ़वाल समाज महिला मंडल भरवेली, तारिणी महिला मंडल बालाघाट, विवाह संस्कार गढ़वाल समाज सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। आयोजकों ने देशभर से पहुंचे सामाजिक बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह एकजुटता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन किशोर दिनेवार, राहुल शिववंशी एवं विवेक शिववंशी ने किया।

## कनकी में मॉयल लिमिटेड को स्वीकृत तीन खदानें, नियमों के तहत हो रहा रेत खनन..

जगप्रेरणा बालाघाट।

*मध्यप्रदेश शासन के खनिज साधन विभाग, भोपाल द्वारा जारी विभिन्न आदेशों के तहत मॉयल लिमिटेड* (MOIL) *भरवेली को जिले में ÷सेंड फॉर स्टोइंग÷* (Sand for Stowing) *कार्य हेतु स्वीकृत खनिपट्टों में रेत खनन और पुनर्भरण की अनुमति प्रदान की गई है।*

विभागीय जानकारी के अनुसार, मायल लिमिटेड भरवेली को ग्राम कनकी, तहसील लालबर्रा में तीन अलग-अलग खदान क्षेत्रों में खनन कार्य की स्वीकृति दी गई है, जहां निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुरूप रेत का उत्खनन किया जा रहा है।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि खनिज विभाग द्वारा जारी आदेश क्रमांक 19 फरवरी 1997, 13 अक्टूबर 2000 एवं 26 नवंबर 2016 के आधार पर इन खदानों के पट्टे स्वीकृत किए गए हैं। इन स्वीकृतियों के तहत ग्राम कनकी स्थित खसरा नंबर 727 में 5.503 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 01 अप्रैल 1997 से 31 मार्च 2047 तक की अवधि निर्धारित है। इसके अतिरिक्त 10.00 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 20 फरवरी 2001 से 19 फरवरी 2051 तक तथा 4.413 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 16 फरवरी 2017 से 15 फरवरी 2027 तक खनन पट्टे की वैधता तय की गई है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इन तीनों खदानों में खनन कार्य प्रारंभ करने से पहले आवश्यक सभी वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन किया गया है। इसमें खनन योजना की स्वीकृति, पर्यावरणीय मंजूरी **(Environmental Clearance)** तथा जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित सम्मतियां शामिल हैं। मायल लिमिटेड को इन सभी आवश्यक अनुमतियों के प्राप्त होने के बाद ही खनन कार्य संचालित करने की अनुमति दी गई है। खनिज विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि खनन योजना और पर्यावरण स्वीकृति में उल्लेखित सभी शर्तों का पालन करना कंपनी की पूर्ण जिम्मेदारी है। खनन कार्य के दौरान पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की सुरक्षा, धूल नियंत्रण तथा स्थानीय पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखना आवश्यक होगा। यदि किसी भी स्तर पर नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो उसके लिए पूरी तरह से मॉयल लिमिटेड जिम्मेदार होगी और उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन ने भी इस मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि खनन कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है। संबंधित विभागों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी कार्य शासन के दिशा-निर्देशों और पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप ही संचालित हों। प्रशासन का उद्देश्य यह है कि खनिज संसाधनों का उपयोग विकास कार्यों में हो, लेकिन इसके साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और कानून का पालन भी सुनिश्चित किया जाए।

÷सेंड फॉर स्टोइंग÷ प्रक्रिया के तहत खदानों से निकाली गई रेत का उपयोग भूमिगत खनन क्षेत्रों में रिक्त स्थानों को भरने के लिए किया जाता है। यह प्रक्रिया खदानों की संरचनात्मक मजबूती बनाए रखने तथा दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करने में सहायक होती है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह एक आवश्यक और वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जो खनन गतिविधियों को सुरक्षित और टिकाऊ बनाती है।

कुल मिलाकर, ग्राम कनकी में मॉयल लिमिटेड द्वारा किया जा रहा रेत खनन कार्य शासन द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुरूप बताया जा रहा है। प्रशासन एवं खनिज विभाग की सतत निगरानी के बीच यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बना रहे।

## आंगनवाड़ी केन्द्र पानीटोला में विद्यारंभ का कार्यक्रम, नन्हे बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष आयोजन..





**संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।**

मध्य प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा को नई पहचान देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है राज्य में पहली बार आंगनबाड़ी केंद्रों में शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त कर 5 से 6 आयु के बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर अग्रसर किया गया प्रदेश में 24 मार्च को आयोजित होने वाले बाल चौपाल के अवसर पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में एक साथ समारोहपूर्वक प्रमाण पत्र वितरण किया गया जिससे शाला पूर्व शिक्षा को सामाजिक और संस्थागत मान्यता मिल सके

इसी कड़ी में आंगनवाड़ी केन्द्र पानीटोला फर्स्ट उकवा में दिनांक 24-3*26 को विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वार्ड पंच सविता चौकसे के द्वारा 5 से 6 वर्ष के बच्चों को विद्यारंभ प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया आराध्या मानेश्वर मान्या भोजक अयांश मानकर आध्या मर्सकोले त्रिशिका सहारे नायर निकुरे नैनिश उइके विहान टेकाम सिजा खान बालिकाएं एवं समस्त अभिभावक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शिवबती हरपाल आंगनवाड़ी सहायिका यशुला खुडसाम उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक खैरमाता मंदिर उकवा में उमड़ी भक्तों की भीड़





संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

*भारत की सनातन संस्कृति में चैत्र नवरात्रि आस्था, शक्ति और साधना का अनुपम महापर्व है। यह केवल नौ दिनों का उत्सव नहीं, बल्कि आत्मा के जागरण, मन के शुद्धिकरण और जीवन में नई ऊर्जा के संचार का पावन अवसर है।*

इन दिनों में भक्त अपनी श्रद्धा को दीप की लौ की तरह प्रज्वलित कर देवी शक्ति के चरणों में समर्पित करते हैं और संकल्प लेते हैं कि वे अज्ञान के अंधकार से निकलकर ज्ञान और सकारात्मकता के प्रकाश की ओर अग्रसर होंगे। यही वह कालखंड है, जब भक्ति भाव अपने उत्कर्ष पर होता है और जन-जन के हृदय में ÷जय माता दी÷ की गूंज नई आशा, नई शक्ति और नवआरंभ का संदेश बनकर फैलती है। वास्तव में, भारत की सनातन परंपरा में चैत्र नवरात्रि केवल तिथियों का क्रम नहीं, बल्कि जीवन के नवोदय, आत्मशुद्धि और शक्ति-आराधना का दिव्य संगम है, जो मनुष्य को बाहरी जगत से उठाकर उसके अंतरतम के प्रकाश से जोड़ देता है। इसी कड़ी में खैर माता मंदिर उकवा में चैत्र नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है सुबह शाम पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया जाता है एवं अनेकों कार्यक्रम रखें जाते हैं।

खैरमाता मंदिर के सभी सदस्यों ने कहा कि सर्वप्रथम सभी ग्राम वासियों को हिंदू नव वर्ष की एवं चैत्र नवरात्रि पर उनको बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं देते है और प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हम लोग चैत्र नवरात्र महापर्व मना रहे हैं इसमें 19 मार्च से लेकर के 27 मार्च तक यह 9 दिनों के कार्यक्रम होने हैं उसमें पंचमी पर्व है महाअष्टमी पर्व है महानवमी पर्व है अष्टमी के दिन चुनर यात्रा का कार्यक्रम रखा गया है और 27 मार्च को ज्वारा विसर्जन और शाम 6:00 बजे से नगर भोज का कार्यक्रम भी रखा गया है अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हमें सहयोग प्रदान करें। समिति के संरक्षक संजय अग्रवाल संरक्षण एवं सरपंच रामबती उइके अध्यक्ष हेमंत भारद्वाज सचिव सोहन तेकाम उपाध्यक्ष संतोष बरपेठिया सदस्य धीरज ताण्डी संजय झारिया रवि यादव इशांत भारद्वाज संतोष सोनी आकाश अग्रवाल मनोज अग्रवाल अंकुश मांगरे रजत चौकसे संतोष अग्रवाल मनोज मडावी राजेश खोबरागड़े शिव शंकर तिवारी जागीर छत्रिया कार्तिक दास विनीत झरिया शुभम भोण्डे गणेश दास बंटी धकेता सुधीर अग्रवाल संजीव अग्रवाल सुरेंद्र रागडे धर्मेंद्र बोम्प्रे अजय बागडे कालू उरदे सोहन अग्रवाल गुरु अग्रवाल सतीश अग्रवाल सुभाष चौकसे शिवराम चौकसे मानसिंह धुर्वे जयशंकर यादव सोहन कपूर नरेंद्र बर्वे एवं समस्त ग्रामवासी उकवा।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**

## 25 वीं बार रक्तदान कर पन्नालाल नगपुरे बने मिसाल, रेयर बी - नेगेटिव से बचाई बुजुर्ग महिला की जान..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

टेमनी खैरलांजी क्षेत्र की निवासी माताजी रूखमणी धुवारे 78 वर्ष लंबे समय से किडनी एवं पेट संबंधी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। उनकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने तत्काल रक्त की आवश्यकता बताई। विशेष रूप से बी-नेगेटिव जैसे दुर्लभ ब्लड ग्रुप की जरूरत होने के कारण परिवारजन काफी चिंतित हो गए और इधर-उधर रक्तदाता की तलाश में जुट गए। इसी बीच पाथरी हट्टा निवासी पन्नालाल नगपुरे को मोबाइल के माध्यम से मरीज की स्थिति की जानकारी मिली। जैसे ही उन्हें पता चला कि एक बुजुर्ग महिला को तत्काल रक्त की जरूरत है, उन्होंने बिना देर किए अपना निजी कार्य छोड़ दिया और अपनी बाइक से सीधे जिला चिकित्सालय पहुंच गए। वहां उन्होंने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर रक्तदान किया और मरीज की जान बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पन्नालाल नगपुरे का यह कदम कोई पहली बार नहीं है, बल्कि वे वर्षों से लगातार रक्तदान करते आ रहे हैं। वे भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं उसके बाद भी समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह उनका 25वां रक्तदान है, जबकि इससे पहले वे 24 बार जरूरतमंदों को रक्त देकर नई जिंदगी दे चुके हैं। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर किए गए इस रक्तदान को वे अपने जीवन का सौभाग्य मानते हैं। उन्होंने कहा कि मैं खुद को भाग्यशाली समझता हूं कि मुझे किसी की जिंदगी बचाने का मौका मिला। मैं मां दुर्गा से प्रार्थना करता हूं कि वे मुझे हमेशा ऐसी सेवा करने की शक्ति देती रहें।÷ उनके इस भाव ने उपस्थित जनों को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया।

गौरतलब है कि बी-नेगेटिव ब्लड ग्रुप अत्यंत दुर्लभ श्रेणी में आता है, जो लगभग 500 लोगों में से एक या दो व्यक्तियों में ही पाया जाता है। ऐसे में जब किसी मरीज को इस ग्रुप के रक्त की आवश्यकता होती है, तो समय पर उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बन जाती है। ऐसे कठिन समय में पन्नालाल नगपुरे जैसे जागरूक और संवेदनशील लोग ही समाज के लिए जीवनदाता बनकर सामने आते हैं। उनके इस सराहनीय कार्य ने न केवल एक परिवार को राहत दी, बल्कि समाज के अन्य लोगों के लिए भी एक मजबूत संदेश दिया है कि रक्तदान महादान है। अंत में पन्नालाल नगपुरे ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर किसी की जिंदगी बचाई जा सके।

## भव्या पैथोलॉजी लैब बिरसा के संचालक पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

जगप्रेरणा बिरसा।

*मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बिरसा के खण्ड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया है कि अनाधिकृत रूप से नियम विरूद्ध पैथोलाजी लैब का संचालन करने के कारण भव्या पैथोलॉजी लैब एवं कनेक्शन सेंटर बिरसा के संचालक श्री ढालसिंह चौधरी के विरूद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराये और उसकी प्रति जिला कार्यालय को उपलब्ध कराये।*

उल्लेखनीय है कि जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. ऋत्विक पटेल के नेतृत्व में गठित दल द्वारा 08 मार्च 2026 को आकस्मिक निरीक्षण के दौरान श्री ढालसिंह चौधरी द्वारा अनाधिकृत रूप से नियम विरूद्ध पैथोलॉजी लैब का संचालन किया जाना पाया गया था।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433




जग प्रेरणा
# वारासिवनी कटंगी
● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार





दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900

## संत शिरोमणि रविदास जयंती पर विधायक गौरव पारधी ने ग्राम जाम में किया प्रतिमा लोकार्पण..

जगप्रेरणा कटंगी।

***ग्राम जाम में संत शिरोमणि संत रविदास जयंती समारोह के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन करते हुए संत रविदास जी की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।***







कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मातृशक्ति एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष रूप से भव्य बना दिया।

### विधायक गौरव सिंह पारधी ने संत रविदास जी को किया नमन, दिया समाज को जोड़ने का संदेश

कार्यक्रम के दौरान विधायक गौरव सिंह पारधी ने संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ग्राम के देवी-देवताओं एवं महापुरुषों का स्मरण करते हुए सभी को नमन किया।

उन्होंने उपस्थित मातृशक्ति एवं ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास जी के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है और यह उनके लिए गर्व का विषय है कि वे इस प्रयास में सहभागी बन पा रहे हैं।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संत रविदास जी ने प्रेम, समानता और भाईचारे का जो संदेश दिया, वही समाज को सशक्त और संगठित बनाने का आधार है। समाज को जोड़ने की भावना को मजबूत करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने संगठन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि जब हम सब मिलकर चलते हैं, तभी समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है।

### महापुरुषों के संदेशों को जीवन में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि

कार्यक्रम के दौरान यह बात विशेष रूप से सामने आई कि महापुरुषों के विचार केवल मंचों तक सीमित न रहकर जन-जन तक पहुंचें और जीवन का हिस्सा बनें। संत रविदास जी द्वारा दिया गया समानता और सामाजिक समरसता का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। ऐसे आयोजन समाज को जागरूक करने और नई पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ने का माध्यम बनते हैं।

इस अवसर पर अमीरचंद छिपेश्वर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंकरलाल टांडेकर, सरपंच दयाल पन्दरे, उपसरपंच नजेंद्र बोपचे, टेकचंद मनघटे, राधेश्याम कनोजे, संजय चौरे, दिलीप कुभरे, हंसराज जगने, कैलाश तुरकने, दिनदयाल बाटेकर, घनश्याम खरोले सहित अन्य अतिथिगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन सामूहिक आभार के साथ हुआ, जिसमें सभी ने संत रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने और समाज में एकता व भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया।

## राम जन्मोत्सव पर भक्ति का महासंगम; 'ताल छापर' वाले बिखेरेंगे भजनों की छटा..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर और मर्यादा पुरुषोत्तम गवान श्री राम के जन्मोत्सव 'रामनवमी' की पूर्व संध्या पर वारासिवनी की पावन धरा भक्ति के रंग में सराबोर होने जा रही है।***




श्रीराम लला सेवा समिति द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में इस बार स्वर और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

### राजनांदगांव के 'ताल छापर' वाले होंगे मुख्य आकर्षण

इस आध्यात्मिक उत्सव की सबसे खास कड़ी छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से पधार रहे सुप्रसिद्ध भजन गायक गणेश मिश्रा जी एवं निखिल व श्याम की त्रिवेणी होगी। क्षेत्र में 'ताल छापर वाले' के नाम से विख्यात ये कलाकार अपनी विशिष्ट गायन शैली और प्रभु भक्ति में डूबे भजनों के लिए जाने जाते हैं। इनके द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला सुंदरकांड पाठ न केवल कानों को सुरीला लगेगा, बल्कि भक्तों को हनुमान जी की अटूट भक्ति और श्री राम के पुरुषार्थ से भी जोड़ेगा। इनकी स्वर लहरियों से पूरा राम मंदिर प्रांगण गुंजायमान होने की उम्मीद है।

### मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामः आदर्शों के प्रतीक

भगवान श्री राम का जीवन केवल एक कथा नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए एक आदर्श जीवन दर्शन है। 'रामनवमी' का यह पर्व हमें उनके धैर्य, संयम और न्यायप्रियता की याद दिलाता है। आयोजन समिति का उद्देश्य है कि सुंदरकांड और भजन संध्या के माध्यम से नई पीढ़ी प्रभु राम के संस्कारों और उनके द्वारा स्थापित 'रामराज्य' की परिकल्पना से परिचित हो सके।

### कार्यक्रम की रूपरेखा

मुख्य कार्यक्रमः भव्य सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भजन संध्या।

दिनांक व समयः 25 मार्च 2026, बुधवार शाम 7:00 बजे से।

स्थानः राम मंदिर प्रांगण, वारासिवनी।

विशेषः कार्यक्रम के अंत में प्रभु की महाआरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

### समिति की अपीलः

श्रीराम लला सेवा समिति, वारासिवनी के सदस्यों ने समस्त क्षेत्रवासियों और धर्मप्रेमियों से आग्रह किया है कि इस पुनीत अवसर पर उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें। समिति का कहना है कि– ÷करने वाले राम, कराने वाले राम÷, हम सब तो केवल माध्यम मात्र हैं।

## देवी जागरण का मुख्य उद्देश्य भक्ति के माध्यम से अपने भीतर की सुप्त चेतना को जगाकर आत्मिक शुद्धि करना है.. संदीप मिश्रा मंडल अध्यक्ष..

### नवरात्रि पर भक्ति की रसधारा मे वार्ड 10 और 11 में देवी जागरण की रही धूम





जगप्रेरणा वारासिवनी।

***चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर संपूर्ण क्षेत्र मातारानी की भक्ति में सराबोर है। इसी कड़ी में बीती रात वार्ड क्रमांक 10 एवं 11 स्थित शिव हनुमान मंदिर में श्री राधा रानी महिला मंडल द्वारा प्रसिद्व जागरण का आयोजन किया गया।***

जिसमे विशेष रूप से सर्वश्री संदीप मिश्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष, मनोज दांदरे नपा अध्यक्ष प्रतिनिधी, पार्षद मोनू लिमजे, संजय रूसिया, जगदीश नेमा आदि भी अतिथी के रूप मे शामिल होकर जयकारे लगाते नजर आये।

इस अवसर पर संदीप मिश्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष, मनोज दांदरे नपा अध्यक्ष प्रतिनिधी, पार्षद मोनू लिमजे ने कहा की नवरात्रि पर देवी जागरण का मुख्य उद्वेश्य मां दुर्गा की भक्ति के माध्यम से अपने भीतर की सुप्त चेतना को जगाना, नकारात्मकता को दूर करना और आत्मिक शुद्वि करना है। यह शक्ति साधना, बुराई पर विजय और मां के प्रति अटूट आस्था प्रकट करने का भी माध्यम है।

देवी जागरण मे प्रसिद्व भजन गायक आदित्य खंजाची एवं कलाकारो की टीम ने देर रात्रि तक मधूर भजनो की प्रस्तुति से समूचे वातावरण को एक अदभूत दिव्यता प्रदान की। अनेको अवसरो पर भक्तगण भी जयकारो के साथ न्रत्य के माध्यम से मातारानी की आराधना करते नजर आये।

भक्ति और उत्साह का संगम श्री राधा रानी महिला मंडल के प्रयासों से आयोजित इस जागरण में सुंदर भजनों और मनमोहक झांकियों ने भी विशेष शंमा बांध दिया। श्रद्धालुओं ने देर रात तक भक्ति रस का आनंद लिया और माता रानी की आराधना कर अपनी अपनी मनोकामनाओ को पूर्ण करने की प्रार्थना की।

दूसरी ओर प्रबुद्व भक्तो ने भी महिला मंडल के इस सफ्ल आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और धर्म के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक बताकर भक्ति के इस पावन आयोजन से वार्ड ही नही बल्कि पूरे नगर को सकारात्मक ऊर्जा से सरोबार करने का प्रयास निरूपित किया।

## प्रशिक्षण का मुख्य उद्वेश्य विकसित भारत और राष्ट प्रथम के संकल्प को जमीनी स्तर तक पहुचाना है.. मिलिंद नगपुरे मंडल अध्यक्ष..

### पंडित दिनदयाल उपाध्याय अंतर्गत अंत्योदय प्रशिक्षण की तैयारीयो हेतू गर्रा मे आयोजित हुयी विशेष बैठक

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***भारतीय जनता पार्टी रामपायली मंडल अंतर्गत ग्राम गर्रा में आज पंडित दिनदयाल उपाध्याय अंतर्गत अंत्योदय प्रशिक्षण के संबध मे तैयारीयो हेतू एक महत्तवपूर्ण बैठक आयोजित की गयी।***





जिसमे पूरे मंडल के अंतर्गत विभिन्न ग्रामो से पदाधिकारीगण अधिक संख्या मे उपस्थित रहे। गौरतलब है की रामपायली मंडल का यह कार्यक्रम 30 मार्च को कौलीवाडा मे बडे स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।

मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे ने बताया पंडित दिनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 26 भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एक राष्ट्रव्यापी संगठन सुदद्वीकरण कार्यक्रम है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्वेश्य कार्यकर्ताओ को वैचारिक स्पष्टता, अनुशासित कार्यप्रद्वति और पार्टी की विचारधारा से अवगत कराकर विकसित भारत और राष्ट प्रथम के संकल्प को जमीनी स्तर तक पहुचाना है।

ग्राम गर्रा मे चित्रसेन बिसेन के निवास पर सम्पन्न हुई बैठक में मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे, वक्ता विनय ठाकुर,मंडल प्रभारी चिरंजीवी पारधी, कार्यक्रम की अध्यक्षता चैन सिंह बैश, सुरेश पटले, सचिन बिसेन, भानु राहंगडाले, किशोर बिसेन, संजय टेंभरे, रूपेंद्र सोनवाने, रेखलाल नागपुरे, कबीर हनवत, मिथलेश दमाहे, पन्ना नागपुरे आदि कार्यकर्ता गणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन हनेस भगत के द्वारा किया। बैठक मे 30 मार्च को कौलीवाडा मे बडे स्तर पर आयोजित कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफ्ल बनाने हेतू नितिगण निर्णय लेकर सभी को दायित्व भी सौपे गये।

## ब्लॉक स्तरीय जेंडर फोरम का गठन, सभी विभागों की सहभागिता से सशक्त पहल..

जगप्रेरणा परसवाडा।

***स्थानीय संगम महिला आजीविका संकुल स्तरीय संगठन परसवाडा द्वारा संचालित लोक अधिकार केन्द्र परसवाडा के माध्यम से सभी विभागों के समन्वय से ब्लॉक स्तरीय जेंडर फोरम का गठन किया गया।***







यह महत्वपूर्ण पहल जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, जिला परियोजना प्रबंधक श्वेता मेहतो एवं जिला प्रबंधक दिलीप सिंह गौड़ के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

कार्यक्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के विकासखंड प्रबंधक संदीप चौरसिया ने मिशन के उद्देश्यों एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान संगम सी.एल.एफ के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

स्वागत उपरांत लोक अधिकार केन्द्र की समता समन्वयक रंजीता पनरिया, समता सखी प्रीति कोकोटिया एवं नसरीन खान, साथ ही सी.एल.एफ प्रबंधक कुन्ता चौधरी ने जेंडर फोरम के गठन की प्रक्रिया, नियमित बैठकें, काउंसलिंग व्यवस्था, प्रमुख मुद्दों, कानूनी परामर्श, समाधान प्रक्रिया एवं दस्तावेजीकरण सहित लिंग, जेंडर और पहचान जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में महिला एवं बाल विकास अधिकारी ललीता चंचल, पुलिस थाना से निरीक्षक सी.एल. अहिरवार, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. संतोष चौधरी एवं शिक्षा विभाग से रोहित कांछी ने जेंडर फोरम के गठन की सराहना करते हुए इसे समाज में समानता और न्याय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने लोक अधिकार केन्द्र द्वारा आजीविका मिशन के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों को सराहनीय बताते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी ललीता चंचल, थाना निरीक्षक सी.एल. अहिरवार, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. संतोष चौधरी, डॉ. वीणा वरकड़े, ए.एन.एम. ईश्वरता, एल.सी. शशिकला, आजीविका मिशन से ब्लॉक प्रबंधक संदीप चौरसिया, सहायक ब्लॉक प्रबंधक अकलसिंह कुलेश एवं योगेश मरकाम, पत्रकार हर्ष पाण्डे, पत्रकार नरेन्द्र शरणागत सहित संगम सी.एल.एफ अध्यक्ष इमरती पडवारे, सचिव विमला उइके, प्रबंधक कुन्ता चौधरी, लेखापाल सुभांगी खरे, चुमेश्वरी पटले, वर्षा हरिनखेडे, ज्योति कुर्राम, निकिता कुमरे, रजनी, सचिव सरिता कटरे, समता समन्वयक रंजीता पनरिया तथा समता सखी प्रीति कोकोटिया एवं नसरीन खान सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन सभी विभागों के समन्वय और सामूहिक प्रयासों से जेंडर समानता को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ किया गया।

## सी.एल.एफ कार्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र का एसडीएम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण..

जगप्रेरणा परसवाडा।

***स्थानीय संगम महिला आजीविका संकुल स्तरीय संगठन (सी.एल.एफ) परसवाडा द्वारा संचालित आदर्श सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीश प्याशी एवं जनपद पंचायत परसवाडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धन्नाराम उइके द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया।***





निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री प्याशी ने आजीविका मिशन के अधिकारियों, सी.एल.एफ के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों से संस्था की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समूह से जुड़ी महिलाओं से संवाद कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया तथा शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने संस्था के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक सहयोग का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर महिला बाल विकास अधिकारी ललिता चंचल, आजीविका मिशन के विकासखंड प्रबंधक संदीप चौरसिया, सहायक विकासखंड प्रबंधक योगेश मरकाम, सी.एल.एफ अध्यक्ष इमरती पडवारे, सचिव विमला उइके, प्रबंधक कुन्ता चौधरी, लेखापाल शुभांगी खरे, व्यवस्थापक चुमेश्वरी पटले तथा ऑपरेटर ज्योति कुर्राम, वर्षा हरिनखेडे एवं निकिता कुमरे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण केन्द्र की व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों का अवलोकन कर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया और भविष्य में और बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए।

जग प्रेरणा

लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रवि अजीत किरनापुर
मो. 6261142145

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

# लाड़सा देवी चौक में रातोरात कर ली वीरांगना रानी अवंतीबाई की प्रतिमा, गांव का सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास

## ग्रामीणों ने कार्यवाही की मांग को लेकर एस डी एम को सौंपा ज्ञापन





जगप्रेरणा लांजी।

***जनपद पंचायत लांजी अन्तर्गत ग्राम पंचायत लाड़सा में जय स्तंभ चौक स्थापित है जिसे देवी चौक के नाम से भी जाना जाता है। इसी जय स्तंभ चौक पर 22 मार्च की रात्रि में एक समुदाय के द्वारा रातो रात वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा***

स्थापित कर ली गई। इसी प्रतिमा स्थापना का ग्रामीणो ने विरोध जताते हुये एसडीएम लांजी को ज्ञापन सौंपा है। बतादे कि पूर्व में उक्त प्रतिमा स्थापना के सबंध में 5 मार्च को ग्रामीणो के द्वारा सरपंच एवं सचिव को एक आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसमें उल्लेख है कि ग्राम पंचायत लाड़सा में जय स्तंभ चौक में निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन पर रोक लगाई जाये। वीरांगना रानी अवंती बाई प्रतिमा स्थापना हेतु जो भूमि पूजन किया गया है उस स्थल में उक्त प्रतिमा ना किये जाने हेतु आम जनता गणो के द्वारा रोक लगाना चाहते है। कारण की देवी चौक एवं जय स्तंभ सार्वजनिक स्थल है यहां से बडी मात्रा में लोगो का आवागमन होता है प्रतिमा स्थापना होने के बाद प्रेरशानी हो सकती है। लेकिन इस शिकायत पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नही हुई तथा 22 मार्च को लोधी समाज के युवको के द्वारा रातो रात वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा स्थापित कर ली गई प्रतिमा स्थापना के बाद स्थानीय लोगो में आक्रोश व्याप्त हुई तथा उनके द्वारा 23 मार्च को एसडीएम कार्यालय लांजी पंहुचकर एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें लेख है कि मध्यप्रदेश शासन जय स्तंभ स्मारक लाडसा के खाते की भूमि पर स्मारक को क्षति कारित करते हुये जोर जबरन एवं बल पुर्वक अवैध कब्जा कर वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा मध्य रात्रि को बिना अनुमति के स्थापना किये जाने से ग्रामीण जनों में आक्रोश की स्थिती बन चुकी है। जिस पर त्वरित जांच कार्यवाही करते हुये तत्काल अवैध प्रतिमा स्थापना को हटाये जाने के आदेश पारित किया जाये। मध्यप्रदेश शासन जय स्तंभ स्मारक को क्षतिकारित करते हुये विधि के विपरित मुर्ति स्थापित की गई है। उक्त आवंटित भूमि पर राष्ट्रीय कार्यक्रम 26 जनवरी, 15 अगस्त सहित अन्य कार्यक्रम किये जाते है तथा सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन, ग्रामीण बैठक, चौपाल आदि के कार्यक्रम भी इसी स्थान पर संपादित किये जाते है। जिस पर मनमानी करते हुये अनावेदक गणो के द्वारा प्रतिमा स्थापित की गई है जो कि विधि के विपरित है। अतः उक्त प्रकरण की पूर्णतः जांच कर प्रतिमा को हटाये जाने की मांग ग्रामीण जनो के द्वारा की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान व्यंकट नखाते, सुरेश नखाते, देवेन्द्र नखाते, राकेश कामड़े, छबिलाल ठाकरे, रामेश्वर, युवराज मेश्राम, रंजित सिंह सिसोदिया, अंकुश टेंभरे, रामप्रसाद राऊत, लक्ष्मीकांत पूशाम, विजय, हेमराज टेकाम, अनिल टेकाम, गणपत ठाकरे, समीर ठाकरे, डुलेश्वर टेंभरे, शिवम मर्सकोले, राजू राऊत, कुंवर राऊत, बालकदास मेश्राम, संजय रावते, राधेलाल, देवेश रावते, नंदकिशोर रावते, पारस टेंभरे सहित अन्य जनों के द्वारा उक्त ज्ञापन सौंपा गया है।

# फर्जी जाति प्रमाण-पत्र मामले के बाद लगातार सुर्खियों में लोक सेवा केंद्र..

## एसडीएम कार्यालय के पीछे जलाए गए अनेकों जाती प्रमाण पत्र



जगप्रेरणा लांजी।

तहसील कार्यालय लांजी के पीछे संचालित लोकसेवा केंद्र इन दिनों सेवा से ज्यादा विवादों के कारण सुर्खियों में बना हुआ है। बीते कुछ महीनों में सामने आए मामलों ने यहां की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फर्जी जाति प्रमाण पत्र प्रकरण की गूंज अभी थमी भी नहीं थी कि अब बड़ी संख्या में जाति प्रमाण पत्र जलाए जाने की घटना ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है। लगातार सामने आ रही अनियमितताओं से यह स्पष्ट होने लगा है कि केंद्र में जवाबदेही और निगरानी का अभाव है। वहीं लोकसेवा केंद्र में वर्षों से जमे कुछ कर्मचारियों ने इसे जैसे अपनी निजी कार्यप्रणाली का अड्डा बना लिया है, जिसके कारण बार-बार विवाद सामने आ रहे हैं। ऐसे में अब लोगों की मांग है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और वर्षों से जमे कर्मचारियों को हटाकर नई व जवाबदेह व्यवस्था स्थापित की जाए।

उल्लेखनीय है कि तहसील कार्यालय लांजी के पीछे स्थित लोकसेवा केंद्र पिछले कुछ समय से लगातार विवादों में घिरा हुआ है। बताया जाता है कि पिछले छह महीनों में यहां से जुड़े कई गंभीर मामले सामने आए हैं, जिन्होंने पूरे तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे पहले सितंबर माह में फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने वाले गिरोह का मामला सामने आया था, जिसकी आंच लोकसेवा केंद्र तक पहुंची थी। इसके बाद आधार कार्ड में फर्जी आईरिस और फिंगरप्रिंट की जांच को लेकर भी यहां की भूमिका पर सवाल उठे। वहीं स्थानीय वेंडर द्वारा लोकसेवा केंद्र में रहकर शासकीय कम्प्यूटरों पर कार्य किए जाने की शिकायतें भी स्थानीय अखबारों की सुर्खियां बनीं। इन घटनाओं के बाद भी स्थिति में कोई खास सुधार नजर नहीं आया और अब बड़ी संख्या में जाति प्रमाण पत्र जलाए जाने की घटना सामने आने से मामला और भी गंभीर हो गया है। सूत्रों के अनुसार यह घटना उस समय की बताई जा रही है जब फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने की घटना उजागर हुई थी, हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि ये प्रमाण पत्र किस वर्ष या किस अवधि के थे और इन्हें किस सक्षम अधिकारी की अनुमति से जलाया गया। हालांकि इस मामले में एक और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है। बताया जा रहा है कि प्रमाण पत्र जलाने की यह घटना हाल ही के दिनों की है। यदि यह घटना पुरानी होती तो परिसर के पास जलाए गए कागजों के साक्ष्य अब तक नहीं मिलते, लेकिन वर्तमान में भी मौके पर जले हुए कागजों के अवशेष देखे जा सकते हैं। इन अवशेषों की पुष्टि भी की जा रही है, जिन्हें हमारे द्वारा कैमरे में भी कैद किया गया है। इससे पूरे मामले को लेकर संदेह और गहरा गया है।

### स्टांप वेंडर और कम्प्यूटर ऑपरेटर की दोहरी भूमिका



लोकसेवा केंद्र को लेकर एक और गंभीर सवाल यह उठ रहा है कि वर्तमान में यहां कार्यरत एक कम्प्यूटर ऑपरेटर स्टांप वेंडर के रूप में भी कार्य कर रहा है। नियमानुसार कोई भी स्टांप वेंडर लोकसेवा केंद्र में कम्प्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्य नहीं कर सकता, क्योंकि इससे शासकीय कार्यों की गोपनीयता भंग होने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में यह भी सवाल उठने लगे हैं कि जब तहसीलदार और एसडीएम जैसे अधिकारियों के डिजिटल सिग्नेचर का उपयोग लोकसेवा केंद्र के माध्यम से किया जाता है, तो इस तरह की दोहरी भूमिका कहीं इन डिजिटल हस्ताक्षरों के दुरुपयोग का रास्ता तो नहीं खोल रही। इस मामले को लेकर जब लोकसेवा केंद्र में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर खेमेन्द्र चंद्रिकापुरे और एक अन्य कर्मचारी से चर्चा करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कैमरे के सामने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

### पूर्व निविदाकर्ता ने आरोपों से किया इंकार



वहीं वर्ष 2024 तक लोकसेवा केंद्र का संचालन करने वाले निविदाकर्ता का कहना है कि उनके कार्यकाल में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं हुई। उनका कहना है कि अगस्त 2024 में जब नए निविदाकर्ता को लोकसेवा केंद्र का प्रभार सौंपा गया था, तब सभी आवश्यक दस्तावेज और अभिलेख विधिवत तरीके से सौंपे गए थे। ऐसे में उनके कार्यकाल में जाति प्रमाण पत्र जलाए जाने का सवाल ही नहीं उठता। उनका यह भी कहना है कि वर्तमान में केंद्र में कार्यरत कर्मचारी अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए बेवजह आरोप लगा रहे हैं।

### प्रशासनिक सख्ती की उठी मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि लोकसेवा केंद्र में कुछ कर्मचारी पिछले 10 से 12 वर्षों से लगातार कार्यरत हैं, जिसके कारण जवाबदेही और अनुशासन का अभाव दिखाई देता है। लोगों का मानना है कि यदि समय-समय पर कर्मचारियों का स्थानांतरण और निगरानी की व्यवस्था होती तो शायद इस तरह की घटनाएं सामने नहीं आतीं। अब प्रमाण पत्र जलाने की घटना सामने आने के बाद एक बार फिर लांजी का लोकसेवा केंद्र चर्चा में है और लोगों द्वारा विभाग से मांग की जा रही है कि यहां व्यापक जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### तीन सदस्यीय जांच टीम गठित

इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम द्वारा तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच में यह स्पष्ट किया जाएगा कि प्रमाण पत्र किस अवधि के थे और उन्हें किसकी अनुमति से जलाया गया।

### लांजी एसडीएम, कमलचंद सिंहसार..

इस पूरे मामले पर लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने कहा कि मेरे द्वारा मामला संज्ञान में आने के बाद जांच टीम बनाकर जांच के निर्देश दे दिए गए हैं। यह जांच का विषय है कि किस अवधि के प्रमाण पत्र जलाए गए और किसकी अनुमति से यह कदम उठाया गया। जांच के बाद तथ्य सामने आने पर दोषियों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# किरनापुर तहसील के परसवाड़ा में जप्त किया गया 6.50 क्विंटल खाद्यान्न..

## उचित मूल्य दुकान के खाद्यान्न की अवैध खरीदी का मामला..





जगप्रेरणा किरनापुर।

***विकासखंड अंतर्गत ग्राम परसवाड़ा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के खाद्यान्न की अवैध खरीदी का मामला सामने आया है। किरनापुर के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मिलन तिवारी ने 24 मार्च 2026***

को मिली गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई कर 6.50 क्विंटल खाद्यान्न जब्त किया है। उचित मूल्य दुकान के हितग्राहियों से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा खाद्यान्न खरीदी किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मिलन तिवारी द्वारा ग्राम परसवाड़ा निवासी राजेश पांचे के घर का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान उसके घर में 4.50 क्विंटल चावल एवं 2 क्विंटल गेहूं पाया गया, जो कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित किए जाने वाला खाद्यान्न था। मौके पर ही उक्त कुल 6.50 क्विंटल खाद्यान्न को जब्त कर उचित मूल्य दुकान परसवाड़ा की विक्रेता श्रीमती सीमा मरठे की सुपुर्दगी में दे दिया गया। प्रशासन द्वारा इस मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई के लिए प्रकरण कलेक्टर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान्न के दुरुपयोग या अवैध व्यापार में संलिप्त पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप मे जोड़ें जगप्रेरणा को..**

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**

# बिना वैध डिग्री एलोपैथी उपचार करने वाले व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश..

जगप्रेरणा लांजी।

***मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने लांजी के खण्ड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया है कि बिना वैध चिकित्सकीय योग्यता के एलोपैथी पद्धति से चिकित्सा करने वाले सालस परवेंदर सिंह के विरूद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराये।***

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि श्री सालस परवेन्दर सिंह आर, पिता श्री रनवीर सिंह सरदार, निवासी शिवाजी वार्ड क्रमांक 04, लखनादोन, जिला सिवनी द्वारा दिनांक 01 मार्च 2026 को ग्राम बोलेगांव, तहसील लांजी में बिना राज्य शासन से मान्यता प्राप्त चिकित्सकीय अर्हता के मरीजों का एलोपैथिक पद्धति से उपचार किया जा रहा था। यह कृत्य मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1987 के प्रावधानों का उल्लंघन है।

उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि आरोपी के विरुद्ध अधिनियम की धारा 24 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

साथ ही एफआईआर दर्ज होने के पश्चात उसकी प्रति जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे केवल प्रमाणित एवं पंजीकृत चिकित्सकों से ही उपचार कराएं तथा किसी भी अवैध चिकित्सा गतिविधि की जानकारी तुरंत संबंधित विभाग को दें।

**ग्राम पंचायत लाड़सा जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश**

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 23/03/2026

**।। सप्ताहिक बैठकी बाजार एवं पशु पंजीयन मवेशी नीलामी सूचना।।**

उपरोक्त विषयंकित के संबंध में लेख है कि ग्राम पंचायत लाड़सा के अंतर्गत लगने वाले सप्ताहिक बैठकी बाजार एवं पशु पंजीयन मवेशी नीलामी वर्ष 2026-27 ( 01/04/2026 से 31/03/2027 तक ) एक वर्ष के लिए पंचायत राज अधिनियम (फीस संग्रहण पट्टा) 1995 नियम एवं शर्तों के अध्याधीन रहते हुए दिनांक 30/03/2026 दिन सोमवार समय 12.00 बजे ग्राम पंचायत भवन लाड़सा में नीलामी की कार्यवाही की जावेगी । नीलामी हेतु अमानत राशि सप्ताहिक बैठकी बाजार नीलामी हेतु 5000 एवं पशु पंजीयन मवेशी नीलामी हेतु 2000 नीलामी के पूर्व बोली हेतु जमा करना होगा ।

टिप नीलामी कार्यवाही से संबंधित नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत लाड़सा में देखी जा सकती है ।

सरपंच श्रीमती गीता श्याम कालबेले — उपसरपंच श्री राधेश्याम नखाते — सचिव श्री रमेश कुमार लिल्हारे

सहा. सचिव - श्री विजय नखाते एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत लाड़सा जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

**ग्राम पंचायत कोचेवाही जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश**

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 23/03/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोचेवाही जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 मे जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 25/03/2026 से 28/03/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा ।

सरपंच संतोष यादव — उपसरपंच रमाकांत यादव — सचिव राजेश्वर पंचाले

सहा. सचिव - तुलसीराम बाहे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कोचेवाही जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

**ग्राम पंचायत मिरिया जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश**

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 23/03/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मिरिया जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 मे जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 25/03/2026 से 28/03/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा ।

सरपंच श्रीमती द्वारका धनराज बोम्बर्डे — उपसरपंच एसन लाल लिल्हारे — सचिव दिलीप सत्कार

सहा. सचिव - राजू रामटेके एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मिरिया जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

**ग्राम पंचायत परसवाड़ा जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश**

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 23/03/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परसवाड़ा जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 मे जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 25/03/2026 से 31/03/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच विजय लिल्हारे — उपसरपंच सत्यवान मेश्राम — सचिव अशोक भाजीपाले

सहा. सचिव - हितेश बडोले एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत परसवाड़ा जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

**ग्राम पंचायत देवलगांव जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश**

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 23/03/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत देवलगांव जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 मे जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 24/03/2026 से 30/03/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच श्रीमती पुष्पा कमलकिशोर ठाकरे — उपसरपंच श्रीमती दयमंती सोनवाने — सचिव श्री रमेश कुमार लिल्हारे,

सहा. सचिव - श्री भोजराज भोंगाड़े एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत देवलगांव जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## नवरात्रि : केवल उत्सव नहीं, भीतर की शक्ति के जागरण का पावन समय

भारत की सांस्कृतिक परंपराओं में नवरात्रि का विशेष स्थान है। यह केवल नौ दिनों का एक धार्मिक उत्सव भर नहीं है, बल्कि यह आत्मचिंतन, साधना और आंतरिक शक्ति के जागरण का अद्भुत अवसर है। जब हम नवरात्रि मनाते हैं, तो वास्तव में हम अपने भीतर छिपी उस दिव्य ऊर्जा को पहचानने का प्रयास करते हैं, जो हमें हर कठिनाई से लड़ने की क्षमता देती है।

नवरात्रि का शाब्दिक अर्थ है ङ्क÷नौ रातें÷। ये नौ रातें हमारे जीवन की उन अवस्थाओं का प्रतीक हैं, जहाँ अंधकार, भ्रम, भय और नकारात्मकता का वास होता है। इन नौ दिनों में हम उपवास, पूजा, साधना और ध्यान के माध्यम से अपने मन, शरीर और आत्मा को शुद्ध करने का प्रयास करते हैं। यह एक ऐसा समय होता है, जब हम बाहरी जगत से थोड़ा दूर होकर अपने भीतर झांकते हैं और यह समझने की कोशिश करते हैं कि हमारी वास्तविक शक्ति क्या है।

भारतीय दर्शन के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति के भीतर एक दिव्य शक्ति निहित होती है। यही शक्ति हमें जीवन की चुनौतियों से लड़ने, कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। नवरात्रि उसी शक्ति को जागृत करने का पर्व है। जब हम माँ दुर्गा की आराधना करते हैं, तो वास्तव में हम अपने भीतर की शक्ति, साहस और सकारात्मकता को जागृत कर रहे होते हैं।

आज के समय में जीवन बहुत तेज़ और तनावपूर्ण हो गया है। प्रतिस्पर्धा, अपेक्षाएँ, असफलताएँ और सामाजिक दबाव हमारे मन को थका देते हैं। कई बार ऐसा लगता है कि सब कुछ रुक गया है, कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा। ऐसे समय में नकारात्मकता धीरे-धीरे हमारे विचारों पर हावी होने लगती है। यही वह क्षण होता है, जब हमें नवरात्रि के वास्तविक संदेश को समझने की आवश्यकता होती है।

जब जीवन में नकारात्मकता बढ़ने लगे या हर कदम पर रुकावट महसूस हो, तब स्वयं को माँ दुर्गा के 32 नामों में स्थिर करना एक अत्यंत प्रभावी साधना मानी जाती है। ये 32 नाम केवल धार्मिक उच्चारण नहीं हैं, बल्कि वे ऊर्जा के स्रोत हैं। प्रत्येक नाम एक विशेष शक्ति, गुण और भावना का प्रतिनिधित्व करता है–जैसे साहस, करुणा, धैर्य, ज्ञान, शक्ति और संरक्षण।

इन नामों का स्मरण करने से हमारे मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। धीरे-धीरे हमारा ध्यान समस्याओं से हटकर समाधानों की ओर केंद्रित होने लगता है। हमारा मन शांत होता है, विचार स्पष्ट होते हैं और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। यही कारण है कि हमारे ऋषि-मुनियों ने मंत्र और नाम-स्मरण को इतना महत्व दिया है।

नवरात्रि हमें यह भी सिखाती है कि जीवन में संतुलन कितना आवश्यक है। जैसे माँ दुर्गा के विभिन्न रूप हैं–कभी वे कोमल और करुणामयी हैं, तो कभी उग्र और शक्तिशाली–वैसे ही हमें भी अपने जीवन में परिस्थितियों के अनुसार संतुलन बनाना सीखना चाहिए। जहाँ आवश्यकता हो, वहाँ विनम्रता दिखानी चाहिए और जहाँ अन्याय हो, वहाँ दृढ़ता के साथ खड़े होना चाहिए।

इसके अलावा, नवरात्रि आत्मअनुशासन का भी पर्व है। उपवास केवल भोजन का त्याग नहीं है, बल्कि यह हमारी इच्छाओं और आदतों पर नियंत्रण का अभ्यास है। जब हम अपने मन को नियंत्रित करना सीख जाते हैं, तो जीवन की आधी समस्याएँ अपने आप समाप्त हो जाती हैं। इस दौरान किया गया ध्यान और जप हमारे मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है और हमें भीतर से सशक्त करता है।

नवरात्रि का एक और महत्वपूर्ण पहलू है ङ्क विश्वास। जब हम पूरे श्रद्धा भाव से माँ दुर्गा की आराधना करते हैं, तो हमारे भीतर एक गहरा विश्वास जन्म लेता है कि कोई शक्ति है, जो हमें हर परिस्थिति में संभाल रही है। यह विश्वास ही हमें कठिन समय में टूटने से बचाता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

आज के युवाओं और बच्चों के लिए भी नवरात्रि का संदेश बहुत महत्वपूर्ण है। यह उन्हें सिखाता है कि असफलता अंत नहीं है, बल्कि एक नया अवसर है। यह उन्हें अपने भीतर झांकने, अपनी क्षमताओं को पहचानने और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने की प्रेरणा देता है।

अंततः, नवरात्रि हमें यह समझाती है कि शक्ति कहीं बाहर नहीं है। वह हमारे भीतर ही है–बस उसे पहचानने और जागृत करने की आवश्यकता है। जब हम अपने भीतर की उस शक्ति को जागृत कर लेते हैं, तो कोई भी बाधा हमें रोक नहीं सकती।

इसलिए, इस नवरात्रि केवल उत्सव मनाने तक सीमित न रहें। इसे अपने जीवन में परिवर्तन लाने का अवसर बनाएं। जब भी मन विचलित हो, नकारात्मकता घेरने लगे या जीवन में रुकावट महसूस हो–तो माँ दुर्गा के 32 नामों का स्मरण करें।

ये नाम आपके लिए केवल प्रार्थना नहीं, बल्कि एक शक्ति कवच बन जाएंगे।

आपका मन स्थिर होगा, आत्मविश्वास बढ़ेगा और जीवन में नई ऊर्जा का संचार होगा।

याद रखें – शक्ति आपके बाहर नहीं, आपके भीतर ही है।

बस उसे जागृत करने की आवश्यकता है।

लेखिका



**सुषमा यदुवंशी**
**मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार, शिक्षाविद**

## चार मुक्तक..

ऋतुएँ जब यादों को बो देती है,
जिंदगी अपने आपको खो देती है।
जब भी तेरे बारे में पुछता है कोई,
लब चुप रहते आंखें रो देती है।

पतझड़ में थे, लेकिन रंगत में थे,
कभी हम भी फूलों की संगत में थे।
कोई एक पुरी दुनिया हुआ करता था,
जब हम किसी की मोहब्बत में थे।

पी कभी कम कभी ज्यादा रहें हैं,
पर निभा मोहब्बत का वादा रहें हैं।
जबसे गये हो तुम हमें छोड़कर,
हम जी कम, मर ज्यादा रहें हैं।

सेहत इसलिए भी ख़राब होने लगी है
हर बात पर बस शराब होने लगी है।
एक लड़की मेरे जीवन में कांटे बोकर
दुनिया की नज़र मेंगुलाब होने लगी है।

लेखक



**संजय अश्क**
**पुलपुट्टा, बालाघाट**

## यमुनोत्री से आकर धरा पर..

यमुनोत्री से
आकर धरा पर,
प्रेम इस जग को सिखाया।
राधिका की भावना ने,
श्रीकृष्ण को
मधुरिम बनाया।
आराधना करता सदा मैं,
आपकी 'यमुनेश्वरी'।
आपकी कृपा से यमुना,
सृजन का यह मार्ग पाया।



**वल्लभ यमुनेश्वरी**
**नैनपुर**

## 'यमुना..'

यमुना।
कृष्ण वल्लभा।
नवरस संयुक्ता।
सकलसिद्धि दायिका।
भक्ति प्रदायिका।
यमुना,
भानु नंदिनी।
व्रजाङ्गना वंदिनी।
प्रीतिदाता,कलिंदजा।
रासेश्वरी,यमानुजा।
यमुना,
श्रांगारिकता की प्राप्ति।
अलौकिकता की व्याप्ति।
प्रियतम से मधुरिम अनुराग।
सुरभित हो जीवन का बाग।
यमुना,
अभिलाषाओं का प्रसार।
मनमोहक है संसार।
बाललीला का अनुभव।
नवयौवन का प्रीतिमय उद्भव।
यमुना,
प्रभाकर की दिव्य कृति।
खूबसूरत है जिसकी प्रकृति।
माधुर्य से पूरित जिसका जल।
करती सदा जो कल-कल।
यमुना,
मधुर-मधुर मुस्कान।
संगीत के स्वरों की तान।
कदंब वृक्षों की कतार।
लेती हरीतिमा नव-आकार।
यमुना,
शुक-मयूर-हंसों की स्थली
माधुर्यमयी जिसकी वनस्थली।
मयूरों का मोहक नर्तन।
हृदय में होता ईश्वरीय मंथन।
यमुना,
प्रयाग की ओर उन्मुख।
मिलन में ही सारा सुख।
प्रीति का आधार।
करती सदा सबका उपकार।
यमुना,
'गंगेश्वरी' की भावना।
कलम की उपासना।
हृदय की पुकार है।
यमुना ही, लेती
मन में आकार है।

लेखिका



**श्रीमती सुनीता मेश्राम गंगेश्वरी'.**
**नैनपुर.**

## चमचों का ज़माना आ गया..

चमचों का ज़माना आ गया,
हर किसी को यही भा गया।

अपने नेता को भगवान बना,
देखो तो चमचा जी छा गया।

शेर बताना सीना चौड़ा होता,
कुत्ता जो बोला चिल्ला गया।

सब को महान बनना है भैया,
अब खुद को तोलना आ गया।

जनता को मूरख मत समझो,
देख मुफ्त का राशन खा गया।

नेताओं की इसमें गलती नहीं,
लोगों को ही ये अदा भा गया।

बेरोजगारी की बात करने वाला,
देखों यहाँ पर रोजगार पा गया।

परदा जो खुला सच्चाई का तो,
वो दूसरों को ठिकाना लगा गया।

सच जो उजाला कहने चला तो,
झूठों को भी मुस्कुराना आ गया।

**अनिल कसेर 'उजाला'**

## नों..

उँगली हाँतन पाँव की, होतइ अंग जरुर।
नों सें वे नौनें लगें, छीलें फल भरपूर।।

लगबै घिन नों के बिना, दिखबै हाँत कुरूप।
देखत ही घिरणा करें, नौनों नई सरूप।।

होबें नों उनके बडे, करें डाँग में बास।
पशु समान वे होत हैं, आबें उनको रास।।

नितदिन नों सें मैंल खों, भइया लियौ निकार।
जो तुम अनदेखी करौ, बनें शरीर बिकार।।

होत सोंकिया नंद जो, नों रखाँय वे लोग।
बन्न-बन्न के रंग लगा, पालें रत जौ रोग।।

**रामानन्द पाठक नन्द**


## 'समावेश का स्वप्न'..

यह धरती सबकी है,
यह आकाश सबका है,
क्यों कोई छूटे राहों में
जब भारत हम सबका है।
जो श्रम की धूप में तपकर
जीवन की रोटी गढ़ते हैं,
वे ही तो इस राष्ट्र की
आधारशिला बनते हैं।
झोपड़ियों की
साँसों में भी
उम्मीद का
दीप जलता है,
बस न्यायपूर्ण
अवसर मिले
तो भाग्य स्वयं
बदलता है।
समाज का हर
वंचित चेहरा
सम्मान की भाषा
चाहता है,
मुख्य धारा में स्थान मिले
बस इतना ही आशा रखता है।
नेताओं! स्मरण रहे सदा–
सत्ता केवल अधिकार नहीं,
यह जनसेवा का व्रत है
कोई निजी व्यापार नहीं।
नीति वही जो राष्ट्र बढ़ाए,
विकास जहाँ सबको मिले,
निर्बल का हाथ थामकर
सशक्त कदम
आगे चले।
जब अंतिम
जन मुस्काएगा
तभी सच्चा उ
त्सव होगा,
समरसता की
इस धरती पर
नव भारत का
उद्भव होगा।



**संतोष भोयर**
**(कोपाल) कटंगी**


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 76



ck;s l; nk;s l& 1) क्रोध करना अर्थवाला एक मुहावरा 5) दया दिखाना 8) वराह 10) एक मुगल सम्राट 14) ऊंची बोली लगानेवाले को अपना माल बेचना 17) गर्म हवा का झोंका जिससे आदमी को बुखार आ जाता है 18) सीमा 19) अध्याय 21) फिलीस्तान की एक जाति 22) हनुमानजी 26) जंगल 27) पति या पत्नी की मां 28) भंड़ार, खजाना 30) असहनीय 31) ऐसा झगड़ा जिसमें हाथ या शस्त्र चले 32) वास्तव में 35) घूप, क्रोध आदि के कारण चेहरा लाल होना 38) चांवल का विशिष्ट प्रकार से बनाया हुआ एक व्यंजन या किस्म 39) दीन 41) श्रेष्ठ आसन, सिंहासन 43) जलकण, बूंद 45) चमत्कार 46) फलों से निकलनेवाला मधुर रस 47) मकबरा 48) उपवास, भोजन न करना 50) सम्मिलित 52) किसी वस्तु का नीचे का भाग 54) किश्ती 56) शहद (अं.) 57) हज करके आया हुआ व्यक्ति 58) अपवित्र 60) बगीचा 62) घना, गंभीर 63) विनम्र 66) पापी लोगों का मृत्यु पश्चात यातना झेलने का स्थान 68) उतावला, चालाक 69) गौ 70) वर्तमान दिन 71) समाचार 72) जैन धर्म के एक तीर्थंकर 74) सौगंध 76) पैर पोंछने के लिए दरवाजे के पास रखा हुआ सन का चौकोर टुकड़ा 79) दूरी, फरक 80) अधम, नीच, बड़ा पापी 81) किसी व्यक्ति कोजबरदस्ती उठा ले जाने की क्रिया 82) मौका 84) सेना , मोर्चा, चढ़ाई 85) विरोधी पक्ष 87) ...... पथ, सराबोर 89) पीयुष 90) राजकपूर की इस फिल्म में धर्मेन्द्र भी थे 94) रुचिकर होने का भाव 95) आराम, सुख 97) पत्ता, पतन 98) खींचतान 99) पचाना 100) मन को हरनेवाला 102) कैद, नजरबन्दी 103) भारत का एक संघ राज्य 104) पुलीस की चौकी 106) ओडिशा का एक प्रमुख शहर 107) न्यायाधीश (अं.) 108) व्ही. शांताराम द्वारा स्थापित फिल्म निर्माण कंपनी का नाम 109) जाति 110) राजस्थान का एक प्रमुख पहाड़ 111) दलील

Åij l; uhps l& 1) बिहार राज्य के भूतपूर्व मुख्यमंत्री 2) मायका 3) होनेवाली घटना 4) अयोग्य, एक गाली 5) तुरंत दी जानेवाली धन राशि 6) दिन, आक्रमण 7) महोदय 9) एक मुगल सम्राट 11) स्वर्गलोक की एक अप्सरा 12) बुद्धि, दिमाग 13) दुर्भाग्यशाली 15) 'मुहूर्त' का बोलचाल में प्रयुक्त रुप 16) लहर 20) कमी, न्यूनता 23) स्त्री 24) खिड़की, झरोखा 25) इंद्रदेव का हाथी 26) शिल्पकार 28) सुस्ती 29) पराजित करना 31) अत्यंत धनी 33) घुसना, पानी में घुसकर स्नान करना 34) प्रशंसनीय 36) जीवनदाता 37) पीट 38) बहुत पुराना 40) क्रोध करना 42) नाना का घर 44) पार्वती 49) सहमत 50) एक किस्म का छोटे आकार का सफेद चौकोर मिष्टान्न 51) केश, बृहस्पति 53) धूमधाम, रौनक 55) चयन के समय किसी व्यक्ति को औरों की तुलना में दी जानेवाली अधिक प्रमुखता 59) पर्ण, पीना 61) मंथन करना 62) बातचीत 63) एक पुराने विश्वप्रसिद्ध भारतीय टेनिस खिलाड़ी 64) ठंड़ 65) आसमान 67) मेखला 70) अपनी सत्ता, सुधबंध 71) जोखिमभरा 73) समान, 'विषम' का विरुद्धार्थी शब्द 75) थरथर कापने की क्रिया 77) भोज 78) नाड़ी 80) कृतघ्न 81) पूजा में प्रयुक्त किया जानेवाला चावल 83) विष्णु का नाम 84) पुराना दूरदर्शन धारावाहिक 'बुनियाद' में अनिता कंवर का नाम 85) विचरण करना 86) परिपक्व होना 88) पति की दूसरी बीवी 89) लंगड़ा – लूला 91) श्रीरामजीने वनवास में प्रवास करते समय महाराष्ट्र के विदर्भ में स्थित इस गांव में कुछ देर विश्राम किया था 92) तल्लीन 93) चांदी 94) रोकने और फिरसे न होने देने की क्रिया 96) एतराज 98) बुंद, टुकड़ा 101) बनावटी 105) अधिकारियों का सरकारी कार्यालय के काम के निमित्त दूसरे स्थानी का भ्रमण (जवाब अगले अंक मे)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691



जग प्रेरणा





# बरनिका ने इंडोर चैंपियनशिप में महिलाओं की पोल वॉल्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***तमिलनाडु की बरनिका एलंगोवन ने राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप के शुरुआती दिन महिला पोल वॉल्ट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस 29 वर्षीय एथलीट ने 4.22 मीटर की ऊंचाई पार कर यह नई उपलब्धि हासिल की।***



बरनिका का यह प्रयास पहले से कायम आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड 4.21 मीटर से भी बेहतर रहा, जो 2022 से राजी मीणा पौलराज के नाम दर्ज था। यह राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप पहली बार आयोजित की जा रही है, इसलिए महिला पोल वॉल्ट के लिए आधिकारिक तौर पर कोई इंडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड पहले से मौजूद नहीं था।

केरल की ब्लेसी कुंजुमोन (3.95 मीटर) और मारिया जैसन (3.38 मीटर) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। बरनिका का 4.22 मीटर का प्रयास अब राष्ट्रीय इंडोर और समग्र, दोनों रिकॉर्ड होगा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा इसे मान्यता देना मात्र एक औपचारिकता होगी।

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (एनएडीए) के अधिकारियों ने स्पर्धा के बाद डोप टेस्ट के लिए उनके नमूने लिए, जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड की मान्यता के लिए आवश्यक है। बरनिका ने अपने ही रिकॉर्ड को और बेहतर करने का प्रयास किया, लेकिन 4.25 मीटर की ऊंचाई पर तीनों प्रयासों में असफल रहीं। उन्होंने अपनी उपलब्धि पर कहा, 'आगे बड़ी प्रतियोगिताएं हैं, इसलिए मैं तकनीक पर ध्यान दे रही थी और यह मेरे लिए कारगर साबित हुआ। मैं विशेष रूप से 'रनवे अप्रोच' पर काम कर रही थी, जिसमें पहले मुझे दिक्कत हो रही थी।'

उन्होंने इंडोर प्रतियोगिताओं को पोल वॉल्ट के खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद बताते हुए कहा कि यहां हवा का प्रभाव नहीं होता। उन्होंने कहा, 'पोल वॉल्ट में हवा एक बड़ा कारक है। तेज हवा में रनवे पर गति बनाना मुश्किल होता है, जबकि इंडोर में ऐसी समस्या नहीं होती, जिससे एथलीट बेहतर प्रदर्शन कर सकता है।' अन्य स्पर्धाओं में स्थानीय एथलीट सरुन पायासिंह ने पुरुष लंबी कूद में 7.80 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता। 25 वर्षीय पायासिंह ने तमिलनाडु के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी त्रिकूद खिलाड़ी प्रवीण चित्रावेल को पछाड़ा, जिन्होंने 7.78 मीटर के साथ रजत पदक हासिल किया। रेलवे के पी. डेविड 7.69 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। पायासिंह ने कहा, 'यह मेरी पहली इंडोर प्रतियोगिता है और स्वर्ण पदक जीतना बड़ी उपलब्धि है।

मैं पदक के बारे में नहीं सोच रहा था, बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था।' ओडिशा के कालाहांडी जिले के एक किसान परिवार से आने वाले पायासिंह ने बताया कि उन्हें जिला स्तर के प्रतिभा खोज कार्यक्रम के दौरान पहचाना गया था और उन्होंने पहले फुटबॉल भी खेला है। शिवाजी परशुराम ने आठ मिनट 9.88 सेकंड का समय लेकर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश के विनोद सिंह 8:16.93 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि छत्तीसगढ़ के राहुल कुमार वर्मा ने 8:18.21 के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

## परिणाम :

**पुरुषः**

800 मीटरः मोहम्मद अफसल (वायु सेना) 1:47.86 सेकंड, कल्याण जेआर (कर्नाटक) 1:53.98 सेकंड, सायन करमाकर (पश्चिम बंगाल) 1:56.98 सेकंड।

**3,000 मीटरः** शिवाजी परशुराम (रिलायंस) 8:09.88 सेकंड, विनोद सिंह (मध्य प्रदेश) 8:16.93 सेकंड, राहुल कुमार वर्मा (छत्तीसगढ़) 8:18.21 सेकंड।

**60 मीटर बाधा दौड़ः** कृषक एम (कर्नाटक) 7.71 सेकंड, रथीश पी (रिलायंस) 7.84 सेकंड, मुहम्मद लाजान (जेएसडब्ल्यू) 8.00 सेकंड।

**लंबी कूदः** सरुन पायासिंह (ओडिशा) 7.80 मीटर, प्रवीण चित्रावेल (जेएसडब्ल्यू) 7.78 मीटर, पी. डेविड (रेलवे) 7.69 मीटर।

**गोला फेंकः** रवि कुमार (बीएसएफ) 17.17 मीटर, अधीश घिल्डियाल (उत्तराखंड) 16.92 मीटर, बालाजी (तमिलनाडु) 16.74 मीटर।

**महिलाः**

3,000 मीटरः प्रियंका सी (कर्नाटक) 9:42.05 सेकंड, काजल रंगनाथ (गुजरात) 9:44.01 सेकंड, सुष्मिता तिग्गा (ओडिशा) 10:22.30 सेकंड।

**गोला फेंकः** रेखा (एनसीओई पटियाला) 15.63 मीटर, मयूरी अराडे (कर्नाटक) 9.15 मीटर।

**महिला अंडर-20:**

**गोला फेंकः** डोना मारिया (केरल) 13.35 मीटर, खुशबू (हरियाणा) 12.03 मीटर, अक्षया जी.आर. (तमिलनाडु) 11.89 मीटर।

**पोल वॉल्टः** बरनिका एलंगोवन (तमिलनाडु) 4.22 मीटर, ब्लेसी कुंजुमोन (केरल) 3.95 मीटर, मारिया जैसन (केरल) 3.38 मीटर।

**लंबी कूदः** अनामिका के.ए. (जेएसडब्ल्यू) 6.05 मीटर, मनीषा मेरेल (ओडिशा) 6.04 मीटर, शेरिन ए (जेएसडब्ल्यू) 5.92 मीटर।

# एआईएफएफ ने महिला टीम की कोच वाल्वेर्दे का करार आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को भारतीय महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच अमेलिया वाल्वेर्दे का अनुबंध आगे नहीं बढ़ाने का निर्णय लिया। यह फैसला तकनीकी समिति की सिफारिश के बाद लिया गया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व दिग्गज आई.एम. विजयन ने की।***



तकनीकी समिति ने सिफारिश की कि सीनियर भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच पद के लिए भारतीय कोचों पर विचार किया जाए। समिति के अन्य सदस्यों में हरजिंदर सिंह, शब्बीर अली, विक्टर अमलराज, क्लाइमैक्स लॉरेंस और संतोष सिंह शामिल थे।

भारतीय टीम हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित एएफसी महिला एशियाई कप में बिना जीत के लौटी थी। टूर्नामेंट से पहले खिलाड़ियों को खराब फिटिंग वाली जर्सी दिए जाने का विवाद भी सामने आया था, जिसे बाद में बदला गया। वाल्वेर्दे को जनवरी में इस टूर्नामेंट के लिए तीन महीने के अल्पकालिक अनुबंध पर नियुक्त किया गया था।

एआईएफएफ ने अपने बयान में कहा, 'तकनीकी समिति ने अमेलिया वाल्वेर्दे को एएफसी महिला एशियाई कप में भारतीय टीम का नेतृत्व करने के लिए धन्यवाद दिया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।' सूत्रों के अनुसार, समिति अमेलिया के कार्यकाल के दौरान टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं थी।

समिति ने कहा कि अप्रैल में होने वाली फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो और जून में प्रस्तावित सैफ महिला चैंपियनशिप को देखते हुए यह भारतीय कोच को जिम्मेदारी सौंपने का उपयुक्त अवसर है। एआईएफएफ ने स्पष्ट किया कि इस पर अंतिम निर्णय जल्द लिया जाएगा।

नए कोच की नियुक्ति जल्द करना जरूरी है, क्योंकि भारतीय टीम को 11 अप्रैल को नैरोबी में फीफा सीरीज 2026 के सेमीफाइनल में केन्या का सामना करना है। यह घटनाक्रम एआईएफएफ महिला समिति प्रमुख वालंका एलेमाओ द्वारा लगाए गए आरोपों के एक दिन बाद सामने आया है।

उन्होंने तकनीकी समिति पर प्रक्रियागत खामियों का आरोप लगाते हुए कहा था कि इन्हीं के कारण एशियाई कप अभियान के दौरान कई गंभीर गलतियां हुईं, जिनमें खराब फिटिंग वाली जर्सी का मामला भी शामिल है।

उन्होंने एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे को लिखे पत्र में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी और वाल्वेर्दे की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए थे।

# एसीटी हॉकी का आयोजन पहली बार पंजाब में होगाः मुख्यमंत्री मान..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को घोषणा की कि आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) इस वर्ष अक्टूबर में पंजाब में आयोजित की जाएगी। यह टूर्नामेंट मोहाली और जालंधर में खेला जाएगा। जालंधर में पिछली बार कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन वर्ष 2006 में हुआ था, जब पाकिस्तान के खिलाफ एक हाई-प्रोफाइल टेस्ट मैच सुरजीत हॉकी स्टेडियम में खेला गया था।***



इस बार होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) के तत्वावधान में पंजाब में आयोजित होने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट होगा। मुख्यमंत्री मान ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहली बार होगा जब पंजाब में कोई अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा।

टूर्नामेंट के स्थल तय कर दिए गए हैं, लेकिन इसकी तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी। उन्होंने बताया कि सोमवार को हॉकी इंडिया और एएचएफ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई थी,

जिसमें दिलीप टिर्की भी मौजूद थे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने पीटीआई से कहा, 'इस साल एसीटी का आयोजन पंजाब में होगा। हमने यह टूर्नामेंट पंजाब को आवंटित किया है। यह एक ऐतिहासिक अवसर है क्योंकि भारतीय हॉकी की पंजाब पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करने जा रहा है।'

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि जालंधर में 44 वर्षों के अंतराल के बाद राष्ट्रीय अंडर-13 बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा, जो राज्य के खेल ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# गुपचुप तरीके से रैपर बादशाह ने कर ली दूसरी शादी, फैमिली ने दिखाई झलक, कौन है दुल्हन बनी खूबसूरत हसीना...

डेस्क जगप्रेरणा।

***मशहूर रैपर और म्यूजिक कंपोजर बादशाह एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में अपने गाने 'ततीरी' को लेकर विवादों में घिरे बादशाह ने अब अपनी गुपचुप शादी की खबरों से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है।***



रिपोर्ट्स के मुताबिक बादशाह ने पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री ईशा रिखी के साथ एक निजी समारोह में शादी रचा ली है। हालांकि इस जोड़ी ने अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई घोषणा नहीं की है, लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों ने उनके फैंस को चौंका दिया है। बता दें, ये बादशाह की दूसरी शादी है, पहली शादी से उनकी एक बेटी भी है।

## बादशाह और ईशा रिखी की गुपचुप शादी..

पिछले कुछ समय से बादशाह और ईशा रिखी के डेटिंग की खबरें गलियारों में तैर रही थीं, लेकिन अब यह मामला शादी तक पहुंच गया है। वायरल हो रही तस्वीरों और वीडियो के अनुसार यह शादी बेहद निजी रखी गई थी, जिसमें केवल परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त ही शामिल हुए। दिलचस्प बात यह है कि न तो बादशाह और न ही ईशा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर कोई फोटो शेयर की है। इन तस्वीरों में बादशाह आइवरी कुर्ता सेट में नजर आ रहे हैं, जबकि ईशा रिखी ने पारंपरिक लाल रंग का पंजाबी सलवार सूट पहना हुआ है। एक खास तस्वीर में ईशा लिफ्ट के अंदर बादशाह के साथ पोज दे रही हैं, जहां उनकी मांग में सिंदूर, हाथों में चूड़ा और कलीरें साफ देखे जा सकते हैं। इन विजुअल्स ने इस खबर पर मुहर लगा दी है कि दोनों अब आधिकारिक रूप से पति-पत्नी बन चुके हैं।

## कौन हैं ईशा रिखी?

बादशाह की पत्नी ईशा रिखी पंजाबी सिनेमा का एक चर्चित चेहरा हैं। चंडीगढ़ की रहने वाली ईशा ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी और जल्द ही वे पंजाबी फिल्मों की लीडिंग एक्ट्रेस बन गईं। उन्होंने 'जट्ट बॉयज पुत्त जट्टां दे', 'हैप्पी गो लकी' और 'व्हाट द जट्ट' जैसी कई लोकप्रिय फिल्मों में काम किया है। पंजाबी इंडस्ट्री के अलावा ईशा ने 2018 में फिल्म 'नवाबजादे' के जरिए बॉलीवुड में भी अपनी किस्मत आजमाई थी। ईशा को उनकी सादगी और बेहतरीन अभिनय के लिए जाना जाता है। सोशल मीडिया पर उनकी अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। बताया जाता है कि बादशाह और ईशा की मुलाकात एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी और जल्द ही उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों के बीच की केमिस्ट्री अब शादी की तस्वीरों में साफ झलक रही है, जहाँ ईशा एक सुंदर पंजाबी दुल्हन के रूप में बेहद प्रभावशाली लग रही हैं।

## परिवार की ओर से मिला 'आशीर्वाद'..

इस गुपचुप शादी की सच्चाई तब सामने आई जब ईशा रिखी की मां पूनम रिखी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से शादी और जश्न की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने तस्वीरों के साथ एक प्यारा सा कैप्शन लिखा, 'भगवान आप दोनों को आशीर्वाद दें।' तस्वीरों के इस कैरोसेल में इस जोड़े को मेहमानों और परिवार के सदस्यों के साथ खुशी के पल साझा करते देखा जा सकता है। बादशाह अक्सर अपनी निजी जिंदगी को कैमरों से दूर रखना पसंद करते हैं, इन तस्वीरों में बेहद खुश और रिलैक्स्ड नजर आ रहे हैं। उनके फैंस इस सरप्राइज से बेहद खुश हैं और सोशल मीडिया पर इस नई जोड़ी को ढेरों बधाइयां मिल रही हैं।

## विवादों के बीच खुशियों की दस्तक..

बादशाह के लिए पिछला कुछ समय मिला-जुला रहा है। एक तरफ जहां उनके गाने 'ततीरी' को लेकर कानूनी और सोशल मीडिया विवाद चल रहे थे, वहीं दूसरी तरफ उनकी शादी की खबर ने उनके प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दे दिया है। रणबीर सिंह की 'धुरंधर 2' और अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' की चर्चाओं के बीच बादशाह की यह 'रियल लाइफ' स्टोरी बॉलीवुड गॉसिप कॉलम में टॉप पर बनी हुई है। अभी तक इस मामले पर बादशाह या ईशा की पीआर टीम की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन तस्वीरों की गवाही कुछ और ही कह रही है।

# क्या दीपिका पादुकोण को नहीं पसंद आई रणवीर सिंह की फिल्म? वायरल पोस्ट का क्या है सच?..

डेस्क जगप्रेरणा।

***आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है। हर तरफ फिल्म की चर्चा है, बॉलीवुड से लेकर साउथ तक में धुरंधरः द रिवेंज तहलका मचा रही है। राकेश रोशन से लेकर रजनीकांत तक, कई स्टार फिल्म पर रिएक्शन दे चुके हैं और इसकी तारीफों के पुल बांध चुके हैं और रणवीर सिंह के अभिनय के मुरीद हो चुके हैं।***



दूसरी तरफ रणवीर सिंह के फैंस उनकी पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के रिएक्शन का इंतजार कर रहे हैं। कई ने तो सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को निशाने पर लेना भी शुरू कर दिया है। इस बीच सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा है, जिसे लेकर दावा किया जा रहा है कि ये पोस्ट दीपिका पादुकोण ने लिखा है। इस पोस्ट से जाहिर होता है कि दीपिका को 'धुरंधर 2' पसंद नहीं आई है। लेकिन, वायरल हो रहे पोस्ट का सच कुछ और ही है।

## वायरल पोस्ट में क्या लिखा है?

सोशल मीडया पर वायरल हो रहे पोस्ट को लेकर दावा किया जा रहा है कि ये दीपिका पादुकोण का पोस्ट है, जिसमें उन्होंने धुरंधर 2 पर प्रतिक्रिया दी है। इस पोस्ट में लिखा है - 'मैंने 'धुरंधर' देख ली है, और इसके 3 घंटे 49 मिनट का हर मिनट देखने लायक है। मैं गर्व से कह सकती हूं कि मेरे पति सबसे अच्छे हैं। रणवीर सिंह, मुझे आप पर बहुत गर्व है। एक एक्टर और इस महान राष्ट्र के नागरिक के रूप में, मैं महसूस करती हूं कि किसी भी राजनीतिक विचारधारा से प्रभावित हुए बिना सच्चाई और सही तथ्यों को प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य है। हालांकि मैं फिल्म में दिखाई गई कुछ बातों से असहमत हूं, लेकिन मैं इस बात से इनकार नहीं कर सकती कि मुझे यह फिल्म देखने में कितना मजा आया। पूरी कास्ट-क्रू और कैप्टन ऑफ द शिप आदित्य धर को बधाई हो।'

## क्या है वायरल पोस्ट का सच?

हालांकि, वायरल हो रहे पोस्ट का सच कुछ और ही है। जी हां, दीपिका के नाम से वायरल हो रहा ये पोस्ट फेक है। एक्ट्रेस ने अब तक सोशल मीडिया पर ऐसी कोई स्टोरी शेयर नहीं की है और न ही इस दावे का समर्थन करने वाला कोई वेरिफाइड सोर्स है, जिससे साफतौर पर पता चलता है कि ये पोस्ट एडिटेड है और अटेंशन के लिए बनाया गया है। इस पोस्ट से जुड़ी एक और बात ये कि इसका असहमति वाला हिस्सा कुछ हद तक ऋतिक रोशन के उस पोस्ट से मिलता है, जो उन्होंने 'धुरंधर' के संबंध में किया था, जिसमें उन्होंने फिल्म में पॉलिटिकल नरेटिव वाले हिस्से को लेकर असहमति जताई थी।

## दीपिका ने फिल्म पर नहीं दिया कोई रिएक्शन

'धुरंधरः द रिवेंज' 19 मार्च को ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है और हर तरफ से इसकी तारीफों से जुड़े पोस्ट वायरल हो रहे हैं। लेकिन, फिल्म में लीड रोल निभा रहे रणवीर सिंह की वाइफ और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने इस पर अब तक कोई रिएक्शन नहीं दिया गया है। फैंस बेसब्री से 'धुरंधर 2' की सफलता पर दीपिका के रिएक्शन का इंतजार कर रहे हैं, ऐसे में ये एडिटेड पोस्ट पहली नजर में विश्वसनीय लगता है। सोशल मीडिया पर इस तरह का कंटेंट अक्सर वायरल होता रहता है और इसमें जब कोई नामी हस्ती शामिल हो तो ये और तेजी से फैलने लगता है।

## धुरंधर 2 का कलेक्शन

धुरंधर 2 के कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने 6 ही दिनों में दुनियाभर में 800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। धुरंधरः द रिवेंज 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर एकतरफा राज कर रही है। दर्शक 'धुरंधर' की रिलीज के बाद से ही इसके दूसरे पार्ट का इंतजार कर रहे थे।

धुरंधर 5 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दुनियाभर में 1300 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ संजय दत्त, राकेश बेदी, आर माधवन, दानिश पंडोर, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन अहम भूमिकाओं में हैं।

# आइजोल एफसी ने शानदार वापसी करते हुए चानमारी एफसी को हराया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***लालदावंगजुआला के दो गोल की मदद से आइजोल एफसी ने इंडियन फुटबॉल लीग मुकाबले में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मंगलवार को यहां चांमारी एफसी के खिलाफ 3-2 से रोमांचक जीत दर्ज की। मैच के पहले हाफ में चांमारी एफसी ने दबदबा बनाया***



और मालसॉमसांगा रेंथलेई तथा जोटा के गोल की बदौलत 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे हाफ में विन्सेंट लालदुहावमा ने आइजोल एफसी का खाता खोला और फिर लालदावंगजुआला के दो गोल से टीम ने जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ आइजोल एफसी पांच मैचों में आठ अंक लेकर अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि चांमारी एफसी इतने ही मैचों में पांच अंक के साथ सातवें स्थान पर बनी हुई है। दो गोल दागने वाले लालदावंगजुआला को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433





## रुपया 23 पैसे लुढ़ककर 93.76 प्रति डॉलर के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया मंगलवार को 23 पैसे लुढ़ककर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 93.76 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती और वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण निवेशकों में चिंता का माहौल रहने से घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई।***

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी निवेशकों की निकासी ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.66 पर खुला और पूरे सत्र के दौरान इसमें उतार-चढ़ाव बना रहा। अंत में यह 93.76 पर बंद हुआ जो पिछले बंद स्तर से 23 पैसे की गिरावट है।

सोमवार को रुपया पहली बार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94 के स्तर को पार कर गया था, हालांकि बाद में यह 93.53 पर स्थिर बंद हुआ। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, 'लगातार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निकासी से रुपये पर दबाव बना हुआ है। मजबूत डॉलर के कारण उभरते बाजारों की मुद्राएं कमजोर बनी हुई हैं और इस महीने रुपये में लगभग 4.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। बुधवार के लिए रुपये का दायरा 93.65 से 94.25 के बीच रहने की उम्मीद है।'





अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि अमेरिका एक सम्मानित ईरानी नेता के साथ बातचीत कर रहा है और दावा किया कि ईरान युद्ध समाप्त करने के लिए समझौते को लेकर उत्सुक है। उन्होंने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए दी गई समयसीमा भी बढ़ा दी और कहा कि उसे अतिरिक्त पांच दिन दिए गए हैं, अन्यथा उसके बिजली संयंत्रों पर हमले किए जा सकते हैं।

हालांकि, ट्रंप के दावों से ईरान के इनकार और क्षेत्र में जारी तनाव ने अनिश्चितता को बढ़ा दिया, जिससे वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया।

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 प्रतिशत बढ़कर 99.18 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.45 प्रतिशत टूटकर 101.4 डॉलर प्रति बैरल पर था। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 1,372.06 अंक या 1.89 प्रतिशत बढ़कर 74,068.45 अंक पर पहुंच गया,

जबकि निफ्टी 209.65 अंक या 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,722.30 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को शुद्ध रूप से 8,009.56 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## होर्मुज जलडमरूमध्य से आने के लिए किसी अनुमति की जरूरत नहीं: अधिकारी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***तेल समृद्ध फारस की खाड़ी को खुले समुद्र से जोड़ने वाले एकमात्र समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए किसी भी देश की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। फारस की खाड़ी में फसे भारतीय जहाजों को ईरान के साथ किसी तरह के समझौते***

पर पहुंचने के बाद ही जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दिए जाने की चर्चाओं को खारिज करते हुए, बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि जलडमरूमध्य से आवागमन पोत परिवहन कंपनियों और उनकी अनुबंधित इकाइयों द्वारा सुरक्षा और अन्य स्थितियों पर विचार करने के बाद किया जाता है।

ईरान पर अमेरिकी और इजरायल के हमलों और उसकी जवाबी कार्रवाई के कारण जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई थी। सिंह ने कहा, 'होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए किसी अनुमति की जरूरत नहीं है।' उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय नौवहन नियमों के अनुसार जलडमरूमध्य में आवागमन की स्वतंत्रता है। चूंकि जलडमरूमध्य संकरा है, केवल प्रवेश और निकासी मार्ग चिन्हित हैं, जिनका पालन सभी जहाजों को करना आवश्यक है।

एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत जलडमरूमध्य को पार करने से पहले सोमवार सुबह फारस की खाड़ी से रवाना हुए। दोनों एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं। इन जहाजों पर लदी गैस देश में लगभग एक दिन की खाना पकाने की गैस की खपत के बराबर है। जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

हाल ही में दो और भारतीय ध्वज वाले एलपीजी जहाज युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं। ये जहाज लगभग एक दिन का देश का गैस भंडार लेकर आ रहे हैं। पाइन गैस जहाज में 45,000 टन एलपीजी है और यह 27 मार्च को न्यू मंगलौर बंदरगाह पहुंचने वाला है। जग वसंत जहाज में 47,612 टन एलपीजी है और यह 26 मार्च को गुजरात के कांडला पहुंचेगा। इन दोनों जहाजों में क्रमशः 33 और 27 भारतीय नाविक सवार हैं। ये दोनों जहाज उन 22 भारतीय झंडे वाले जहाज में शामिल हैं जो पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद फारस की खाड़ी में फंस गए थे। इसका कारण युद्ध के चलते होर्मुज जलडमरूमध्य का लगभग बंद होना है।





होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान और ओमान के बीच का संकरा जलमार्ग है जो तेल और गैस उत्पादक खाड़ी देशों को शेष विश्व से जोड़ता है।

इससे पहले, लगभग 92,712 टन एलपीजी ला रहे एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी सुरक्षित रूप से भारतीय तट पर पहुंच चुके हैं। यह देश की लगभग एक दिन की खाना पकाने की गैस की खपत के बराबर है। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले और ईरान के पलटवार के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। उस समय होर्मुज जलडमरूमध्य में भारतीय ध्वज वाले 28 भारतीय जहाज मौजूद थे। इनमें से 24 जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में और चार पूर्वी हिस्से में थे। पिछले कुछ दिन में, दोनों तरफ से दो-दो जहाज सुरक्षित रूप से जलडमरूमध्य तक पहुंचने में सफल रहे हैं।

एलपीजी ला रहा जहाज शिवालिक 16 मार्च को गुजरात के मुंदड़ा बंदरगाह पहुंचा। वहीं एक अन्य एलपीजी टैंकर नंदा देवी, अगले दिन गुजरात के कांडला बंदरगाह पर पहुंचा। दोनों एलपीजी वाहक जहाजों ने 13 मार्च को अपनी यात्रा शुरू की थी और 14 मार्च की सुबह होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया था। संयुक्त अरब अमीरात से 80,886 टन कच्चे तेल से लदा भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर जग लाडकी 18 मार्च को मुंदड़ा बंदरगाह पहुंचा था। एक अन्य टैंकर, जग प्रकाश जो तंजानिया जा रहा था, पहले ही सुरक्षित रूप से जलडमरूमध्य को पार कर चुका है। यह ओमान से अफ्रीका के लिए गैसोलीन ले जा रहा था।

युद्ध क्षेत्र में बचे हुए 22 भारतीय ध्वज वाले जहाजों में से 20 जलडमरूमध्य के पश्चिमी किनारे पर हैं, जिनमें 540 नाविक सवार हैं, जबकि दो पूर्वी किनारे पर हैं। उन्होंने बताया कि जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में फंसे जहाजों में एलपीजी के पांच जहाज शामिल हैं, जिनमें लगभग 2.3 लाख टन रसोई गैस है और इसके अलावा एक खाली जहाज में एलपीजी भरना शुरू कर दिया गया है।

इसके अलावा, एक एलएनजी टैंकर, चार कच्चे तेल के टैंकर, एक रासायनिक उत्पादों का परिवहन करने वाला टैंकर, तीन कंटेनर जहाज, दो बल्क कैरियर और तीन अन्य जहाज नियमित रखरखाव के लिए ड्राई डॉक में थे।

उन्होंने बताया कि जबकि एलएनजी जहाज पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड द्वारा चार्टर किया गया है। एलपीजी जहाजों को मुख्य रूप से पेट्रोलियम विपणन कंपनियों, जैसे कि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने किराये पर लिया है। कच्चे तेल के टैंकर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और बीजीएन इंटरनेशनल द्वारा लिए गए हैं। कुल मिलाकर, लगभग 500 टैंकर पोत फारस (अरब) की खाड़ी में ही फंसे हुए हैं। इनमें 108 कच्चे तेल के टैंकर, 166 तेल उत्पाद टैंकर, 104 रसायन/उत्पाद टैंकर, 52 रासायनिक टैंकर और 53 अन्य प्रकार के टैंकर शामिल हैं।

एलपीजी का लगभग 85-95 प्रतिशत और गैस का 30 प्रतिशत इसी जलडमरूमध्य से आता है। हालांकि, कच्चे तेल की आपूर्ति में आई रुकावट की भरपाई रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका और लातिनी अमेरिका जैसे वैकल्पिक स्रोतों से आंशिक रूप से की गई है, लेकिन औद्योगिक और वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं को गैस और एलपीजी की आपूर्ति में कटौती हुई है।

## दिल्ली में अंडरग्राउंड होंगे झूलते हुए बिजली के तार, सरकार खर्च करेगी 200 करोड़ रुपये..

डेस्क जगप्रेरणा।

***दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें नवजात शिशुओं के लिए मुफ्त स्वास्थ्य संबंधी जांच, 1.3 लाख छात्राओं को मुफ्त साइकिल***



और मेधावी छात्रों के लिए लैपटॉप सहित कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की गई। दिल्ली सरकार ने इस बजट में बिजली विभाग के लिए 3,942 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसमें बिजली सब्सिडी के लिए 3,500 करोड़ रुपये और हवा में झूलती बिजली की तारों को अंडरग्राउंड (जमीन के नीचे बिछाने) करने के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान शामिल है। बजट में ऊर्जा की बचत एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'दिल्ली ऊर्जा संरक्षण कोष' बनाने का भी प्रस्ताव है।

### पिछले साल के मुकाबले दोगुना हुआ बजट

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने बजट भाषण में कहा, '' बिजली विभाग के लिए आवंटित 3,942 करोड़ रुपये से न सिर्फ बिजली सब्सिडी जारी रहेगी, बल्कि हम 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने वाली प्रोत्साहन योजनाओं के जरिए दिल्ली को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाएंगे।' सरकार ने उच्च वोल्टेज (हाई-टेंशन) और कम वोल्टेज (लो-टेंशन) वाली बिजली की तारों को अंडरग्राउंड करने के लिए बजट को दोगुना कर दिया है। वित्त वर्ष 2025-26 में इसके लिए 100 करोड़ रुपये रखे गए थे, जिसे 2026-27 के बजट में बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दिया गया है। पिछले साल बिजली विभाग का कुल बजट 3,847 करोड़ रुपये था। मुख्यमंत्री ने बताया कि चांदनी चौक इलाके की 28 सड़कों पर बिजली की तारों को भूमिगत करने का काम शुरू हो चुका है, जिस पर करीब 160 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

### शिक्षा पर 19,326 करोड़ रुपये और स्वास्थ्य पर 13,034 करोड़ रुपये खर्च करेगी दिल्ली सरकार..

दिल्ली विधानसभा में दूसरी बार बजट पेश करते हुए वित्त मंत्रालय का प्रभार संभाल रहीं रेखा गुप्ता ने बताया कि कुल आवंटन का 21 प्रतिशत पर्यावरण संरक्षण के लिए रखा गया है। उन्होंने दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय के देश में तीसरे स्थान पर होने का उल्लेख किया और कहा कि 'ट्रिपल इंजन' सरकार के साथ राष्ट्रीय राजधानी तेजी से प्रगति कर रही है। सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के लिए 19,326 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो कुल बजट का 18 प्रतिशत है। इसके बाद स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 13,034 करोड़ रुपये, परिवहन के लिए 12,613 करोड़ रुपये, शहरी विकास के लिए 11,572 करोड़ रुपये, सामाजिक कल्याण के लिए 10,537 करोड़ रुपये और जलापूर्ति के लिए 9,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

## गैर-पंजीकृत क्षेत्रों में रोजगार 2025 में 6.18 प्रतिशत बढ़ा, 74.52 लाख नये रोजगार सृजित: सर्वेक्षण..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***गैर-पंजीकृत उद्यम क्षेत्र में रोजगार 2025 में 6.18 प्रतिशत बढ़कर 12.80 करोड़ हो गया। इस अवधि के दौरान 74.52 लाख से अधिक नए रोजगार सृजित हुए। सरकार के एक सर्वेक्षण में यह कहा गया है। मंगलवार को जारी गैर-पंजीकृत क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई),***

2025 के अनुसार, अक्टूबर, 2023 से सितंबर, 2024 की अवधि के दौरान इस क्षेत्र में श्रमिकों की संख्या 12,05,99,800 थी जो 2025 में बढ़कर 12,80,51,800 हो गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने जनवरी, 2025 से दिसंबर, 2025 की अवधि के लिए गैर-पंजीकृत क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण के परिणाम जारी किए हैं।

इस क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की कुल संख्या 7.97 प्रतिशत बढ़कर 2025 (जनवरी 2025-दिसंबर 2025) में 7.92 करोड़ हो गई जो 2023-24 (अक्टूबर 2023-सितंबर 2024) में 7.34 करोड़ थी। सर्वेक्षण के अनुसार, 'अन्य सेवाएं' क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की संख्या में 10.29 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है। इसके बाद विनिर्माण क्षेत्र में 6.48 प्रतिशत और व्यापार क्षेत्र में 6.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

यह वृद्धि विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक विस्तार को बताती है। इसी अवधि के दौरान, आर्थिक प्रदर्शन के एक प्रमुख संकेतक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में 10.87 प्रतिशत की वृद्धि हुई।





इसका मुख्य कारण व्यापार क्षेत्र में 16.77 प्रतिशत की वृद्धि, विनिर्माण क्षेत्र में 8.52 प्रतिशत की वृद्धि और अन्य सेवा क्षेत्रों में 7.36 प्रतिशत की वृद्धि थी। हालांकि, व्यापक क्षेत्रों में, जीवीए में अन्य सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी सबसे अधिक 42 प्रतिशत थी। इसके बाद व्यापार (37 प्रतिशत) और विनिर्माण (21 प्रतिशत) का स्थान रहा।

क्षेत्र में श्रम उत्पादकता को मापने वाला प्रति श्रमिक सकल मूल्य वर्धन, 2025 में वर्तमान कीमतों पर 4.54 प्रतिशत बढ़कर 1,56,539 रुपये हो गया, जो 2023-24 में 1,49,742 रुपये था। श्रम बाजार के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी-दिसंबर, 2025 के दौरान इस क्षेत्र में लगभग 12.81 करोड़ श्रमिक कार्यरत थे, जो 2023-24 (अक्टूबर 2023-सितंबर 2024) की तुलना में 74.52 लाख अधिक हैं।

यह श्रम बाजार के मजबूत विस्तार को दर्शाता है। व्यापक गतिविधियों में, 'अन्य सेवाएं' क्षेत्र में 7.40 प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि दर्ज की गई, जिससे लगभग 35 लाख नए रोजगार सृजित हुए।

महिला स्वामित्व वाले निजी प्रतिष्ठानों का प्रतिशत 2025 में 27 प्रतिशत हो गया जो 2023-24 में 26.2 प्रतिशत था। यह महिला नेतृत्व वाले उद्यमों में उत्साहजनक रुख को बताता है। पिछले सर्वेक्षण 2023-24 की तुलना में 2025 में प्रति नियोजित श्रमिक पारिश्रमिक में 3.88 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वेतन स्तर में सुधार का संकेत है।

इस मापदंड में सबसे अधिक लगभग 8.5 प्रतिशत की वृद्धि व्यापार क्षेत्र में दर्ज की गई। सर्वेक्षण में, कुल 6,70,289 प्रतिष्ठानों (ग्रामीण क्षेत्रों में 2,94,144 और शहरी क्षेत्रों में 3,76,145) से आंकड़े एकत्र किये गये थे। यह पहले चरण में सर्वेक्षण की गई 24,153 इकाइयों (ग्रामीण क्षेत्रों में 10,219 और शहरी क्षेत्रों में 13,934) से संबंधित है।

## महंगा हुआ सोना, चांदी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं- चेक करें आज के ताजा भाव..

डेस्क जगप्रेरणा।

***दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने के भाव में लगातार 4 दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला आज थम गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। वहीं, दूसरी ओर चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। आज 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,200 रुपये की बढ़ोतरी के साथ 1.44 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।***

बताते चलें कि सोमवार को सोने की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली थी। कल, सोने का भाव 9,050 रुपये (लगभग 6 प्रतिशत) टूटकर 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया था।

### 2.30 लाख रुपये पर स्थिर रहा चांदी का भाव..

सोने के अलावा, दिल्ली के सर्राफा बाजार में आज चांदी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ और ये 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं। सोमवार को दिल्ली में चांदी के दाम 10,500 रुपये गिरकर 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गए थे। कारोबारियों ने बताया कि ग्लोबल कमोडिटी मार्केट में आए सुधार और हाल ही में कीमतों में आई भारी गिरावट के बाद निचले स्तर पर हुई खरीदारी की वजह से आज सोने की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है।



### अंतरराष्ट्रीय बाजारों में लगातार 9 दिनों की गिरावट के बाद चढ़ा सोने का भाव..

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 9 सत्रों की गिरावट के बाद आज संभल गया और 16.96 डॉलर या 0.38 प्रतिशत बढ़कर 4,423.83 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। जबकि चांदी 1.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 69.86 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। मिराए एसेट शेयरखान में कमोडिटी हेड प्रवीण सिंह ने कहा, ''लगातार 9 दिन तक गिरने के बाद हाजिर सोना विदेशी बाजारों में लगभग 4,420 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर कारोबार कर रहा है। ईरान युद्ध को लेकर सावधानी भरी उम्मीदें इसकी वजह हैं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमलों के खिलाफ 5 दिनों के संघर्षविराम की घोषणा की है।'

### निवेशक सतर्क..

हालांकि, प्रवीण सिंह ने ये भी कहा कि इस संघर्षविराम की प्रभावशीलता को लेकर अभी संदेह बना हुआ है, जिसके चलते निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ है। जानकारों का कहना है कि भू-राजनीतिक मोर्चे से मिल रहे मिले-जुले संकेतों के कारण निकट भविष्य में सर्राफा की कीमतें अस्थिर रहने की संभावना है।









विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# अंतर्विभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट महोत्सव ईपीएल सीजन-2 में टूर्नामेंट के चमकते सितारे..

जगप्रेरणा लांजी।

***अंतर्विभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट महोत्सव ईपीएल सीजन 2 के फाइनल मैच में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए पूरे टूर्नामेंट में बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फील्डिंग और ऑलराउंड प्रदर्शन में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें कई खिलाड़ियों ने अपनी अलग पहचान बनाई।***

वहीं लिग मैचों और सुपर सिक्स के मुकाबले में भी टक्कर के मैच देखने मिला।

## हेल्थ हीरोज के बंटी सराठे बने ऑरेंज कैप प्लेयर..

टूर्नामेंट में ऑरेंज कैप की दौड़ में हेल्थ हीरोज के कप्तान बंटी सराठे सबसे आगे चल रहे, जिन्होंने 9 पारियों में 330 रन बनाते हुए 55.00 की शानदार औसत और 234.04 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है। उनके बाद गेलेक्सी इलेवन के संतोष पाठक 279 रन के साथ दूसरे स्थान पर, पावर स्ट्राइकर के बल्लेबाज विजयकुमार पंचेश्वर 247 रन के साथ तीसरे स्थान पर, विद्या विक्टर के नीलेश रहांगडाले 242 रन के साथ चौथे स्थान पर तथा पावर स्ट्राइकर के राजेन्द्र कुमरे 233 रन बनाकर पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। बंटी सराठे का प्रदर्शन इस सीजन में बेहद प्रभावशाली रहा है।

## पावर स्ट्राइकर्स के भरत भनवरे बने पर्पल कैप प्लेयर..

गेंदबाजी में पावर स्ट्राइकर्स के राजेन्द्र कुमरे और भरत भनवरे दोनों ने 13-13 विकेट लेकर बराबरी की टक्कर दी है, लेकिन बेहतर इकॉनमी के चलते राजेन्द्र कुमरे आगे बने रहे। इसके अलावा हेल्थ हीरोज के सद्दाम खान ने 12 विकेट, पावर स्ट्राइकर के कप्तान शशांक चौरसिया ने 12 विकेट तथा हेल्थ हीरोज के आकाश ठाकरे ने 11 विकेट लेकर शीर्ष गेंदबाजों में अपनी जगह बनाई है। गेंदबाजी में इस बार काफी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है, जिससे पर्पल कैप की दौड़ और भी दिलचस्प रही।



## फील्डिंग में भी खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन..

खिलाड़ीयों ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए मैचों का रुख बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जहां

बंटी सराठे 18 डिसमिसल और 6 कैच के साथ शीर्ष पर रहे, जबकि संतोष पाठक 15 डिसमिसल, आशीष तिवारी मोनू 12 डिसमिसल, राजेन्द्र कुमरे 10 कैच तथा सुपर काप्स पुलिस के कप्तान सदानंद गोदेवर 9 डिसमिसल के साथ क्रमशः आगे रहे हैं। फील्डिंग में यह प्रदर्शन टीमों की सफलता में अहम साबित हुआ है।





## आलराउंडर प्रदर्शन में इनका रहा दबदबा..

ऑलराउंड प्रदर्शन के आधार पर मोस्ट वेल्यूएबल परफार्मेस रैंकिंग में भी पावर स्ट्राइकर्स के राजेन्द्र कुमरे 46.23 अंकों के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं, जबकि बंटी सराठे 42.32 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। इसके अलावा विजयकुमार पंचेश्वर 37.63 अंक, नीलेश रहांगडाले 36.78 अंक और संतोष पाठक 36.65 अंक के साथ क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर बने रहे।

## इन खिलाड़ियों को मिली टुर्नामेंट की महत्वपूर्ण ट्राफियां..

ईपीएल सीजन-2 में खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है, जहां बल्लेबाजी में हेल्थ हीरोज के बल्लेबाज बंटी सराठे बने ऑरेंज कैप प्लेयर, मोस्ट रन आफद टुर्नामेंट, बेस्ट विकेट कीपर आफद टुर्नामेंट, गोल्डन बेट आफ द टुर्नामेंट जैसे महत्वपूर्ण अवार्ड से सम्मानित हुए। गेंदबाजी और ऑलराउंड प्रदर्शन में पावर स्ट्राइकर के राजेन्द्र कुमरे प्लेयर आफद टुर्नामेंट के अवार्ड से सम्मानित हुए। भरत बनवारे को बेस्ट बालर आफद टुर्नामेंट और मोस्ट विकेट आफद टुर्नामेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं गेलेक्सी इलेवन के कप्तान और पुरे टुर्नामेंट आयोजन के सुत्रधार संतोष पाठक को बेस्ट फिल्डर ऑफ द टुर्नामेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

आनलाइन और आफलाइन स्कोरिंग के लिए राजा सुर्यवंशी को गाड ऑफ आनर जैसे महत्वपूर्ण अवार्ड से नवाजा गया। वहीं शोसल मिडिया पर टुर्नामेंट को प्रदेश स्तर पर प्रचार-प्रसार हेतु हर्ष नामदेव को तथा प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया में सभी मैचों की खबरों को अखबार और टेलीविजन के माध्यम से सभी तक खबर पहुंचाने वाले आयोजन समिति के मिडिया प्रभारी रितेश कटरे को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों का कराया विद्यारंभ संस्कार..

जगप्रेरणा लांजी।

***महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रो में नन्हे मुन्ने बच्चो का विद्यारंभ संस्कार आयोजित किये जा रहे इसी कड़ी में 24 मार्च को नगर परिषद लांजी अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 03 में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में बडे ही हर्षोल्हास के साथ विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 04 पार्षद प्रेमलता खोबरागड़े, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती वीणा उपराड़े,***

वसुंधरा घरडे पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरिता श्रीवास्तव, सहायिका जागेश्वर श्रीवास सहित अन्य आमंत्रित अतिथि, अभिभावक गण एवं नन्हे मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे। विद्यारंभ संस्कार का शुभारंभ अतिथियो के द्वारा माता सरस्वती पूजन अर्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम से अवगत कराते हुये सरिता श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्र में 5 से 6 वर्ष के बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया तथा बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ते हुए उक्त अतिथियो के हस्ते प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।



कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया और उनके मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने अभिभावकों को भी बच्चों की शिक्षा में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बच्चों को नियमित रूप से केन्द्र भेजना अत्यंत आवश्यक है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक गतिविधियॉ जिनमें गीत, नृत्य कहानी एवं कविता प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अंत में उपस्थित सभी अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल अवश्य भेजें ताकि वे अपने माता पिता गांव शहर का नाम रोशन कर सके। उल्लेखनीय है कि जिन बच्चो का जन्म दिवस था उनका जन्म दिवस केक काटकर, शुभकामनाऐं प्रेषित कर मनाया गया। इस दौरान सभी उपस्थित जनों ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना कर आशीर्वाद प्रदान किया।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं।*

*जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*

# युवाओं में टीकाकरण के लिए चलाया जा रहा जागरूकता अभियान..

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी ब्लॉक में यूनिसेफएल.इ.एच.यस वाधवानी एआई के सहयोग से जीरो डोज कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यूथ एंगेजमेंट ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन सोमवार 23 मार्च को किया गया।***





कार्यक्रम में लक्ष्मीकांता कॉलेज लांजी के एन एस एस वालेंटियर एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के वालेंटियर एवं अन्य ग्राम के युवा शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में टीकाकरण के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उन्हें समुदाय में टीकाकरण जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करना , इस अवसर पर युवाओं को बताया गया कि टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर बीमारियों से बचाने का सबसे सुरक्षित और प्रभावी उपाय है।

साथ ही उन्हें नियमित टीकाकरण से जोडने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। दीपांकर भार्गव द्वारा समुदाय में जागरूकता के तरीकों के बारे में युवाओं को मार्गदर्शन दिया और युवाओं को सामाजिक कार्यो में आगे बढ़कर भागीदारी करने और गांव-गांव में टीकाकरण जागरूकता को लेकर प्रेरित किया । विजय हटीले परामर्शदाता ज.अ.प. के द्वारा युवाओं से आह्वान किया कि वह अपने-अपने गांव और वार्ड घर के आस पास के लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे मे जागरूक करें और

उनका सहयोग करें कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए। कार्यक्रम मे उपस्थित युवाओं को एच.पी.वी. वैक्सीन एवं अन्य टीकाकरण से सम्बंधित भ्रांतियों को दूर कर टीकाकरण जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाते हुए उन्हें टीकाकरण से जोडने में सहभागिता करने को कहा गया। कार्यक्रम में दीपक धुवारे एन.एस.एस प्रभारी, डॉ साहेबलाल येडे प्राध्यापक, श्रीमती हर्षा लटारे, परामर्शदाता विजय हटीले, विनोद मुरकूटे, राशु कोठारे आदि युवा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# प्रशासन के पास नहीं है देशी -विदेशी शराब दुकान में कार्यरत कर्मचारियों का रिकॉर्ड..

# शराब दुकान मैनेजर शेषनाथ यादव को ढूंढ रही छत्तीसगढ़ पुलिस..

जगप्रेरणा लांजी।

***जिले एवं आसपास के क्षेत्र की शराब दुकानों में कार्य कर रहे कर्मचारियों का प्रशासन के पास कोई रिकार्ड नहीं है। यह बात विगत दिनों छत्तीसगढ़ की पुलिस एक मामले में लांजी शराब दुकान के मेनेजर को ढुंढने पहुंचीं तब यह बात उजागर हुई। बताया जा रहा है कि अधिकांश शराब दुकानों में उत्तर प्रदेश और बिहार से आए कर्मचारी काम कर रहे हैं।***

जिनमें से अधिकांश लोगों का स्थानीय पुलिस में कोई रिकॉर्ड नहीं है, या यो कहे कि ठेकेदार के अलावा इनकी पहचान किसी को नहीं है। यदि ये लोग किसी घटना को अंजाम देते हैं तो उन्हें पहचानना लगभग असंभव हो जाएगा। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर गहरी चिंता व्याप्त है कि क्या पुलिस प्रशासन बड़ी घटना घटित होने के बाद ही संज्ञान लेगी?

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र में बाहर से आए किसी भी व्यक्ति का पुलिस थाने में 'मुसाफिरी' (यात्री/अतिथि) का रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाता है। गांव में व्यापार या अन्य काम से आने वाले व्यक्ति से सबसे पहले यही प्रक्रिया अपनाई जाती है। लेकिन शराब ठेकेदारों की दुकानों में काम करने वाले यूपी-बिहार के कर्मचारियों का रिकॉर्ड न तो आबकारी विभाग के पास है और न ही पुलिस विभाग के पास। सूत्र बताते हैं कि कुछ यूपी और बिहार के अपराधिक प्रवृत्ति वाले लोग वहां घटनाएं करने के बाद फरारी काटने के लिए यहां आते हैं।

बताया जाता है कि, 'शराब ठेकेदारों की पुलिस प्रशासन में अच्छी पहुंच है। इसी कारण इन कर्मचारियों का कोई रिकॉर्ड नहीं लिया जाता। अगर ये लोग कोई गंभीर अपराध कर दें तो पुलिस को भी उन्हें ढूंढने में काफी समय लगेगा।' स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि शराब दुकानों में काम करने वाले सभी बाहरी कर्मचारियों का पूरा विवरण (नाम, पता, आधार कार्ड, फोटो) संबंधित थाने में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए।

सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि बिना रिकॉर्ड वाले बाहरी श्रमिकों की वजह से छोटे-मोटे अपराध बढ़ने के साथ-साथ गंभीर घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। अब सवाल यह है कि क्या जिला पुलिस और प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल संज्ञान लेगी या फिर किसी बड़ी घटना का इंतजार करेगी?

अनपढ़ मयाराम के साथ सोम कम्पनी लांजी के मेनेजर ने की ठगी

वृद्धावस्था पेंशन दिलाने की बात कह खरीदा मोबाइल सीम

यह बात वर्तमान में घटित घटना सोम कम्पनी की आमगांव रोड़ स्थित शराब दुकान में लांजी निमटोला निवासी मयाराम गोटाफोड़े जो कि अनपढ़ हैं व झाड़ू-पोछा सफाई का कार्य करता था, जिसे सोम कम्पनी के लांजी मेनेजर शेषनाथ यादव जो वार्ड क्रमांक 15 नीमटोला में नहर के पास निवास एवं कार्यालय बनाकर शराब दुकानों को संचालित करता था, इसके द्वारा मयाराम गोटाफोड़े को दो हजार रूपए वृद्धावस्था पेंशन का लालच देकर अपने साथ जीप में बैठाकर बस स्टैंड स्थित मोबाइल की दुकान पर ले गया एवं आधार कार्ड दिलवाकर फोटो खिचवाया एवं उसके नाम दो सीम कार्ड लेकर उस सीम का दुरूपयोग लांजी से छत्तीसगढ़ अवैध शराब सप्लाई में किया जा रहा था।



इसी बीच मेनेजर द्वारा अवैध शराब सप्लाई करने वाला वाहन छत्तीसगढ़ राजनांदगांव पुलिस द्वारा पकड़ा गया। राजनांदगांव पुलिस द्वारा मोबाइल की जांच पड़ताल कर सीम कार्ड मयाराम गोटाफोड़े लांजी निमटोला वार्ड क्रमांक 15 के नाम का पाया गया।

11 मार्च 2026 को राजनांदगांव पुलिस मयाराम गोटाफोड़े का पता करते हुए उसके घर पहुंची, पुलिस को देखकर मोहल्ले पड़ोस के कुछ लोग जमा हो गए, मयाराम भी घर पर ही था, पुलिस द्वारा उससे पूछा गया कि तुम्हारा मोबाइल कहा है मोबाइल दो, तो मयाराम ने कहा कि मै अनपढ़ हूं मुझे मोबाइल चलाना नहीं आता, मेरी उम्र 70 साल हो गई है मैंने कभी भी मोबाइल अपने पास नहीं रखा। मेरे को सोम कम्पनी के मेनेजर के द्वारा वृद्धावस्था पेंशन का लालच देकर सीम प्राप्त किया ऐसा उसके द्वारा राजनांदगांव पुलिस को बताया। तब पुलिस के द्वारा लिखा-पढ़ी एवं पंचनामा बनाकर उसे छोड़ा गया।

मयाराम गोटाफोड़े के द्वारा 12 मार्च को पुलिस थाना लांजी में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई कि शेषनाथ यादव सोम कम्पनी मेनेजर वर्तमान पता वार्ड क्रमांक 15 नीमटोला नहर के पास निवासरत था जो जानकारी अनुसार गोरखपुर उत्तरप्रदेश निवासी हैं मेरे साथ धोखाधड़ी करने के बाद फरार हो गया। इस मामले अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को भी शिकायत दर्ज कराई जिस पर जांच की जा रही है। मांग की गई है कि मामले की जांच कर सोम कम्पनी के मेनेजर शेषनाथ यादव को गिरफ्तार कर अनपढ़ मयाराम गोटाफोड़े को न्याय दिलाया जाएं। स्थानीय नागरिक अब इस मामले को लेकर उच्चाधिकारियों से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं ताकि क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक संघ ने विधायक कर्राहे को सौंपा ज्ञापन..

जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश में लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता लागू करने के सरकारी फैसले के विरोध में शिक्षक संगठनों का आंदोलन तेज हो गया है।***



इसी क्रम में 24 मार्च 2026 को मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के नेतृत्व में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ संयुक्त मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन लॉजी-किरनापुर विधायक राजकुमार कर्राहे को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश में शिक्षकों की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियमों एवं विधिक प्रावधानों के अनुसार की गई है। इन शिक्षकों ने पिछले 20-25 वर्षों से निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

वर्तमान में टीईटी की अनिवार्यता लागू होने से लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों में चिंता और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। संघ ने मुख्यमंत्री से विनम्र अनुरोध किया है कि शिक्षा मंत्रालय की ओर से इस विषय में वैकल्पिक व्यवस्था कर उचित निराकरण किया जाए, ताकि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पूर्व जिला संगठन मंत्री मेघराज नगपुरे की उपस्थिति रही। लॉजी ब्लॉक के अध्यक्ष डी.के. फुल्लारे, उपाध्यक्ष गेंदलाल चिखले, सचिव दिलीप रणदिवे, सेवकराम तिडके, कोषाध्यक्ष प्रमोद कलचुरी, केशव दहीकर, कोमलचंद गुरदे एवं ब्लॉक लॉजी के समस्त कार्यकारिणी पदाधिकारी सदस्यगण उपस्थित रहे।

विभिन्न विकासखंडों से सहयोगी पदाधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिनमें बिरसा से संभागीय कोषाध्यक्ष प्रहलाद पटले, तहसील अध्यक्ष प्रेम पटले, एस.आर. उके, हेमकुमार नेवारे खैरलॉजी, तहसील अध्यक्ष दामेन्द्र मन्दरेले, परसवाडा से ब्लॉक अध्यक्ष संतोष मेश्राम, बालाघाट से जिला उपाध्यक्ष चन्द्रकिशोर भाटिया एवं अन्य शिक्षक/शिक्षिकाएं शामिल थीं।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

राकेश रोकड़े सालेकसा

मो. 9049200353


# शादी समारोह मे खेत खलियान एवं बीज निर्मिती पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा के साथ वसुंधरा कृषक कल्याण महासभा का द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

जगप्रेरणा आमगांव।

***आम तौर पर शादी समारोह के मौके पर मेहेंदी हल्दी संगीत शादी यही किया जाता है किंतु शादी समारोह के अवसर कुषी, कुषी उपज, बीज निर्मिती, खाद निर्मिती, वुक्ष लागवड, पर्यावरण सौरक्षण यह आम तौर कही भी दिखी नही जाती कितु***



मुलताह सालेकसा तहसील के झलिया निवासी जिल्हा परिषद सदस्य छाया नागपुरे एंव वरिष्ठ पीएमश्री स्कुल सोनपुरी के उच्चश्रेणी मुख्याध्यापक शंकर नागपुरे के एकलौते बेटे आशुतोष नागपुरे की शादी के अवसर पर महेदी, संगीत,हल्दी इन सभी के साथ शादी के दिन ही वर्तमान इंद्रप्रस्थ नगर आमगाव निवास पर मंडप मे खेत खलियान बीज निर्मिती, खाद निर्मिती वुक्ष लागवड पर्यावरण सौरक्षण इन सभी पर वसुंधरा कृषक कल्याण महासभा महाराष्ट्र प्रदेश इकाई के सौजन्य में किसानों के हित में कार्य करने वाली रजिस्टर्ड संस्था वसुंधरा कृषक कल्याण महासभा का द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन आमगांव में हजारों किसानों की उपस्थिति में संपन्न हुआ सम्मेलन मे बड़ी संख्या में किसान परिवार के कृषक, छात्र-छात्राएं शामिल हुए। वसुंधरा कृषक कल्याण महासभा के पदाधिकारियों द्वारा किसानों एवं छात्र छात्राओं को शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र, वसुंधरा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक एवं किसान श्री यादनलाल बनोटे, राष्ट्रीय वरिष्ठ संरक्षक ओंकार सिंह पटेल, कल्याण सिंह राजपूत, राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसिंह पटेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जिप सदस्य एवं राष्ट्रीय महामंत्री छाया नागपुरे, जी .वर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सरजू प्रसाद वर्मा महासभा के समस्त पदाधिकारियों द्वारा किया गया। सभा में उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने अपने उद्बोधन में रसायन मुक्त खेती, जैविक खेती करने के अनेक (जीवामृत एवं जैविक कीटनाशक) जानकारियां साझा की गई। उन्नत बीज, उन्नत कृषि पर समझाइश दी गई। क्षेत्र वासियों एवं किसानों ने वसुंधरा कृषक कल्याण महासभा कार्यक्रम की सराहना की।

सम्मेलन में महाराष्ट्र, मप्र-छग, उप्र के किसानों के वसुंधरा कृषक कल्याण महासभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पदाधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष शामिल हुए। कार्यक्रम का कुशल संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री एच आर सिंह द्वारा किया गया भारत के लगभग सभी राज्य के प्रतिनिधि एंव सदस्यो ने कुषी उपज,कुषी उपज हेतु बाजार मे अवसर परापंरागत खेती से हटकर आधुनिक तंत्रज्ञान से खेती बीज निर्मिती खाद निर्मिती वुक्ष लागवड पर्यावरण सौरक्षण ऐसे अनेक विषयो पर गहन चर्चा की एंव शादी जैसे मौके पर खेत खलियान बीज निर्मिती खाद निर्मिती वुक्ष लागवड पर्यावरण सौरक्षण जैसे विषय को लेकर संमेलन आयोजित कर जिप सदस्य छाया नागपुरे एंव उच्चश्रेणी मुख्याध्यापक शंकर नागपुरे ने समाज के आगे एक मिसाल पेश की है

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### ग्राम पंचायत में घुसकर कर्मचारी को दी मारने की धमकी, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत गालीगलौच और धमकी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/3/2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान फर्यादी राजकुमार डुलीराम पटले उम्र 46 वर्ष निवासी मुंडीपार ग्रामपंचायत मे अपने ड्युटी पर थे। जहा आरोपी ने आकर मेरे घर के सामने की बोरवेल पिछ्ले 6 महीने से बंद है बोलकर गालीगलौच की और जान से मारने की धमकी देने से फर्यादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 174/2026 धारा 296,221,351,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सफौ धारणे 332 पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।

### पैसे वापस करने की बात पर हुई मारपीट, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के गोंदिया पुलिस थाने मे मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/3/2026 को रात 8 बजे के दरम्यान फुलचुर नाके मे फर्यादी अपनी सायकल से सारस चौक की तरफ जा रहा था। जहा रास्ते मे आरोपी ने रोककर कहा तुने मेरे 1500 रुपये लिया है , वापस दे और जेब चेक करने लगा फर्यादी ने कहा मेरे को कहा पैसे दिये तो आरोपी और उसके साथ खडे 3 लोगो ने लात घुसो से मारपीट कर जखमी करने से फर्यादी की शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 168/2026 धारा 118,1126, 2,3,5, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत दर्ज कर जॉच पोऊपनी येरमे पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### मोबाईल, कपडे की मांग पर बेटे ने बाप से की मारपीट, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 22/3/2026 के 7 बजे के दरम्यान फर्यादी राजु वासुदेव सांगोळे उम्र 58 वर्ष निवासी बाक्टी और आरोपी बाप बेटे होकर घटना के समय बेटे ने बाप से कहा मुझे मोबाईल और कपडे लेकर दे, और खर्चे के लिये पैसे दे इस बात पर बेटे ने बाप को इटे से मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे अपराध क्रमांक 163/2026 धारा 118,1,352, भान्यास 2023 के तहत दर्ज कर जॉच पोहवा हुकरे 60 पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

### मनी लांड्रिंग केस मे फंसाने की धमकी देकर की धोखाधडी, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/3/2026 से 17/3/2026 के दरम्यान माणिकचंद मणीराम तुरकर उम्र 74 वर्ष रिटायर्ड वैद्यकीय अधिकारी को आरोपी ने फोन पर धमकी दी की आपपर और पत्नी पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस लगा है, आपके दोनो बेटे भी फंसेंगे बोलकर मै सिनीयर इन्स्पेक्टर सुमीत मिश्रा काटोल नागपुर बताकर तेरे नातीयो को भी जान से मार दूंगा डराकर आरटीजीएस द्वारा 6 लाख रुपये लेकर धोखाधडी करने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 167/2026 धारा 318,2,319,2,351, भान्यास 2023 सहकलम 66 डी जानकारी तंत्रज्ञान अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोनी वैभव पवार पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।





नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है..

गोंदिया जिले के गोरेगांव हॉस्पिटल गोरेगांव में अनुभवी नर्सेस की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन..। संपर्क करें.. मो. 9765864697





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## फिर एक बार शर्मसार हुआ गोंदिया, महिला पटवारी 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***रिश्वत लेना समाज में एक घृणित कार्य माना जाता है, तथा समाज में ऐसे रिश्वतखोरों के कारण पुरे परिवार और शहर को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ती है, लेकिन इसके बाद भी रिश्वत की लालसा रिश्वतखोरों का पीछा नहीं छोड़ती, और अच्छी***



तनख्वाह और अनेक सुविधाएं और रसूख प्राप्त करने के बाद भी शासकीय अधिकारी कर्मचारी रिश्वत से बाज नहीं आते, यही कारण है कि फिर कभी ना कभी उनकी करतूत सामने आ ही जाती है। ऐसा ही एक मामला गोंदिया जिले में फिर घटित हुआ है, जिसमें एक महिला पटवारी रिश्वतखोर के रुप में अपराध करती पकड़ी गई है, तथा एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा महिला के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्यवाही की गई है।

### क्या है मामला..

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता, जो कि ईंट भट्टे का व्यवसाय करता है, तथा अपने काम के लिए वह स्थानीय किसानों से मिट्टी लेकर ईंट बनाने का काम करता है। शिकायतकर्ता ने एंटी करप्शन में शिकायत दर्ज कराई कि महिला ग्राम राजस्व अधिकारी (पटवारी) श्रीमती गायत्री बोरकर को उसने मार्च 2025 में 33,000 रुपये दिये थे, तथा एक बार फिर इस साल 12 मार्च 2026 को महिला पटवारी ने अवैध उत्खनन के लिये चमकाते हुए उससे फोन करके 37,000 रुपये की मांग की, जिसमें से 35 हजार रुपये तय किये गए।, जिसमें से 10 हजार रुपये शिकायतकर्ता द्वारा 12 मार्च को महिला पटवारी को दे दिये गए, वहीं 23 मार्च को और 10 हजार रुपये देना तय किया गया। एक बार फिर यह रकम देने की शिकायतकर्ता की ईच्छा नहीं थी, तो उसने एंटी करप्शन में महिला पटवारी के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी, तथा शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने अर्जुनी मोरगांव में कार्यरत पटवारी के कार्यालय तक जाल बिछाया, जैसे ही महिला पटवारी ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की किस्त के रूप में 10,000 रुपये स्वीकार किए, टीम ने उन्हें दबोच लिया। श्रीमती गायत्री बोरकर को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है।

एंटी करप्शन ब्यूरो ने इस मामले में बताया कि आरोपी महिला पटवारी गायत्री बोरकर उम्र 41 वर्ष राजस्व अधिकारी नीमगांव साजा तहसील कार्यालय अर्जुनी मोरगांव से उनका मोबाईल भी जब्त किया गया है, तथा आरोपी के घर की तलाशी भी ली जा रही है।

एंटी करप्शन यह भी बताया कि आरोपी महिला होने के कारण, सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के तहत उन्हें नोटिस देकर फिलहाल उनके पति की कस्टडी में दिया गया है और 24 मार्च की सुबह थाने में हाजिर होने का निर्देश दिया गया है। यह सफल कार्रवाई डॉ. दिगंबर प्रधान एसपी एंटी करप्शन ब्यूरो नागपुर, श्रीमती माधुरी बाविस्कर अपर पुलिस अधीक्षक और विजय माहुलकर के मार्गदर्शन में उमाकांत उगले (पुलिस निरीक्षक) और अरविंद राउत (पुलिस निरीक्षक) एवं उनकी टीम द्वारा की गई। इस कार्रवाई में संयुक्त पोलीस निरीक्षक उमाकांत उगले व अरविंद राऊत, के साथ ही सहायक फौजदार चंद्रकांत करप, पुलिस हवलदार संजय बोहरे, मंगेश काहालकर, पुलिस नाईक संतोष शेंडे, अशोक कापसे, संतोष बोपचे, प्रशांत सोनवणे, कैलाश काटकर, मनापोशी संगीता पटले, रोहिणी डांगे, चालक पुलिस नाइक दीपक बाटबर्वे का भी सराहनीय योगदान रहा।

### नागरिकों से अपील

गोंदिया एसीबी ने जनता से अपील की है कि यदि कोई भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी किसी काम के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो तुरंत टोल फ्री नंबर 1064 या एसीबी गोंदिया के कार्यालय में संपर्क करें।

## राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर भाजपा सांसद कंगना रनौत की संसद सदस्यता रद्द करें..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***सांसद कंगना रनौत द्वारा देश के नेता-5 बार के सांसद-प्रतिबिंब प्रधानमंत्री तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता सम्मानीय राहुल गांधी के संदर्भ में की गई अभद्र टिप्पणी के विरुद्ध भड़काऊ बयानबाजी कर, देश के करोड़ों कार्यकर्ताओं की भावना आहत करने के साथ-साथ, देश की संसद का अपमान करने पर, कंगना रनौत की संसद सदस्यता रद्द करें तथा जनमानस को भडकाकर देश का माहौल खराब***

करने के प्रयत्नों के विरुद्ध कंगना रनौत पर एफआईआर दर्ज कर संसद सदस्यता रद्द करने की मांग को लेकर गोंदिया में शहर कांग्रेस एवं युवक कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष ओमजी बिडला के नामे उपविभागीय अधिकारी खंडाईत को ज्ञापन सौंपा।

### कार्यकर्ताओं की भावना आहत करने पर गोंदिया में कांग्रेस ने की एफआईआर भी दर्ज करने की मांग..

खंडाईत को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि कंगना रनौत केवल भाजपा के टिकट के दम पर पहली बार लोकसभा में पहुंची है। लेकिन फिल्मी 5 सितारा जीवनशैली, जमीनी मुद्दो की अज्ञानता, संसदीय कार्यप्रणाली की नासमझी और क्षेत्र में छिछौरेपन के कारण, न लोकसभा में विशेष जगह बना पाई, न ही संसदीय क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय कार्य कर पाई। इसलिए बार-बार देश के नेता तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता के संदर्भ में अभद्र टिप्पणी कर सुर्खीयों में आना चाहती है। उन्होंने राहुल गांधी के संदर्भ में टपोरी शब्द का उल्लेख कर राहुल जी की उपस्थिती से संसद में महिलाओं को असहज महसुस होने की अभद्र टिप्पणी की है, लेकिन उक्त टिप्पणी करते समय वे स्वंय के चाल और चरित्र को भुल गई। उन्हे सज्जन और देश के सबसे प्रतिष्ठीत परिवार के वारिस राहुल गांधी की उपस्थिती में असहज महसुस होता है, लेकिन भाजपा के सांसद रहे और अनेकों महिलाओं द्वारा शोषण के आरोपित सांसद बृजभूषण शरणसिंग से उसे कोई असहजता नहीं होती। वहीं भजापा के बलात्कारी विधायक कुलदिप शेंगर से कोई असहजता नहीं होती, नाही भाजपा के पूर्व सांसद प्रज्वल रैवन्ना से कोई असहजता होती है।

कांग्रेसियों ने कहा कि ये कैसी असहजता है, जो बलात्कारियों को छोड़, केवल देश के सबसे प्रतिष्ठीत परिवार के वारिस और भावी प्रधानमंत्री वर्तमान में लोकसभा के विपक्ष के नेता से हो रही है। उसने लोकसभा में महिलाओं को असहजता की बात कहीं, लेकिन उसने ऐसी कोई शिकायत आपके पास नहीं की। क्योंकि उसकी झुठी शिकायत पर अगर आप कोई जांच करा लेते तो, उसकी पोल खुल जाती। स्पष्ट है कि, कंगना रनौत ने केवल सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए पुरे देश का माहौल खराब करने हेतु, राहुल गांधी पर अभद्र टिप्पणी की है और हम सभी उसके इस जघन्य कृत निषेध करते है।

ज्ञापन में लोकसभा अध्यक्ष ओमजी बिडला से मांग करते हुए, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने असंसदीय अनुचित एवं झूठी बयानबाजी कर देश के करोड़ों कार्यकर्ताओं की भावना आहत करने, देश के नेता-विपक्ष का अपमान कर संपूर्ण संसद का अपमान करने तथा देश में शांती का माहौल बिगड़ाने के प्रयासों पर कंगना रनौत की संसद सदस्यता रद्द करने के साथ-साथ, एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की।

### यह रहे उपस्थित..

इस अवसर पर प्रमुख रुप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह चौधरी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव अमर वराड़े, अजय गौर सर, न.प.पार्षद रुपेश नशीने, पूर्व पार्षद सुनिल तिवारी, कुरमराज चौहान, पूर्व न.प.अध्यक्ष आशाताई पाटील, जहिरभाई अहमद, देवा रुसे, मनोज पटनायक, जिला एन.एस.यु.आय अध्यक्ष अमन मेमन, कृष्ण कुमार कठाने, गोल्डी गावंडे, लोकेश रहांगडाले, कृष्ण कुमार लिल्हारे, राकेश वर्मा, जी.ए.हरिणखेडे, जसवंककुमार, कशिश चंद्रिकापुरे, रेवतीताई दगडे, डी.एस.पाटील, संतोष खंडेलवाल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गोंदिया शिक्षण संस्था द्वारा संचालित एस. एस. गर्ल्स कॉलेज में शहीद दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शिक्षण संस्था द्वारा संचालित एस. एस. गर्ल्स कॉलेज में गोंदिया शिक्षण संस्था की अध्यक्षा माननीय वर्षाबेन पटेल, सचिव श्री राजेंद्र जी जैन एवं डायरेक्टर श्री निखिल जी जैन के मार्गदर्शन में दिनांक 23 मार्च 2026 को शहीद दिवस के अवसर पर एक***




भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या ने की। इस अवसर पर देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलन से हुई, जिसके माध्यम से शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। इसके पश्चात प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव इन कर्मवीरों के बलिदान का विस्तृत वर्णन करते हुए उनके त्याग और देशभक्ति से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन एन एस एस विभाग प्रमुख डॉ. ईश्वरी खटवानी द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में इतिहास विभाग के प्राध्यापक श्री सुरेश पटले ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### जनगणना और परिसिमन के साथ ही

## अब हर जिले को पृथक लोकसभा क्षेत्र बनाए मोदी सरकार - छैलबिहारी अग्रवाल

### भारत में 766 जिलों के बीच 543 लोकसभा सीटें होने से जिला स्तर पर संसदीय विकास से उपेक्षित भारत के अनेक जिले.. बोले वरिष्ठ विदर्भवादी नेता..

### छोटे राज्यो के निर्माण पर भी ध्यान केन्द्रित करें..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***भारत देश में कुल 766 जिले हैं, तथा चूंकि कुछ नए जिले भी अनेक राज्यों में बनाए गए हैं, इसलिये भारत में जिलों की संख्या 766 से 800 भी हो सकती है। इतने बड़े देश में लोकसभा की कुल सीटें 543 है, तथा अनेक लोकसभा सीटें दो दो जिलों को जोड़कर बनाई गई है, जिसके कारण चुने हुए सांसद विकास के दृष्टिकोण से***

अपने सभी जिलों के साथ न्याय नहीं कर पाते, इस स्थिति में देश में जितने जिले हैं, उतनी ही लोकसभा सीटें होंगी, तो प्रत्येक सांसद अपने जिले के संपूर्ण विकास पर ध्यान दे सकेंगे, और लोकसभा क्षेत्र का क्षेत्रफल थोडा छोटा होगा तो सांसदों को कार्य करने, जनसंपर्क आदि में सुविधा होगी, यह मांग गोंदिया के विदर्भवादी नेता, राष्ट्रचिंतक छैलबिहारी अग्रवाल ने की है।



छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि अब देश में जनगणना भी की जा रही है, तथा इसी के साथ विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिये परिसीमन भी किया जाना है, जबकि अभी अभी लोकसभा का सत्र चल रहा है, ऐसे में यह उपयुक्त समय है कि संसद में प्रस्ताव लाकर सरकार संसदीय क्षेत्रों को जिलास्तर पर निर्मित किये जाने का निर्णय ले, जिससे देश को विकास की नई रफ्तार प्राप्त हो और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो।

### लोकसभा मे भी महिलाओ को 50 प्रतिशत आरक्षण दें..

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि नगरीय निकायों और पंचायत चुनावों में जिस तरह से महिला आरक्षण 50 प्रतिशत लागु किया गया है, उसी तरह से लोकसभा में भी 50 प्रतिशत महिला आरक्षण लागु किया जाए, ताकि संसद में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हो सके, और महिला अत्याचारों पर कानुन और सख्त बनाये जा सके।

### छोटे राज्यो के निर्माण के लिये संसद मे चर्चा करें..

**छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि अनेक वर्षों से विदर्भ की जनता पृथक विदर्भ राज्य बनाने की मांग कर रही है, लेकिन महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार ने चुनावी घोषणा करने के बाद इस घोषणा से मूंह फेरने का काम किया, जबकि वहीं प्रधानमंत्री मोदी भी विदर्भ राज्य बनाने की ओर दिलचस्पी नहीं ले रहे है। श्री अग्रवाल ने कहा कि विदर्भ और इसके अलावा देश में अनेक छोटे राज्यों की मांग लंबित है, जिस पर सदन में चर्चा की जानी चाहिये, और छोटे राज्यों का निर्माण कर विकास की रफ्तार को बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिये।**

SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

- सूचना -
यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करे।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com